आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* भीष्म एकादशी”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 182 | इंदौर, गुरुवार 29 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 11 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### देशभर में यूजीसी के नए नियमों का विरोध

**नई दिल्ली/लखनऊ/पटना।** देशभर में जनरल कैटेगरी के स्टूडेंट्स और सवर्ण जाति के लोगों का यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए नियमों को लेकर विरोध जारी है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने नए नियमों के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की मांग स्वीकर की। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने वकीलों की दलीलों पर ध्यान दिया। सीजेआई ने कहा- हमें पता है कि क्या हो रहा है। सुनिश्चित करें कि खामियों को दूर किया जाए। हम इसे लिस्ट करेंगे। इधर, यूपी-बिहार में आज भी जमकर हंगामा हुआ। स्टूडेंट्स और सवर्ण जातियों के लोग सड़कों पर उतरे। यूपी के पीलीभीत में सवर्ण समाज के युवकों ने मुंडन कराया। बिहार में पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के पोस्टर पर कालिख पोती गई।

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का माघ मेला छोड़ने का ऐलान

**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने प्रयागराज माघ मेला छोड़ दिया है और वह काशी के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने बुधवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनका मन इतना व्यथित है कि वे बिना स्नान किए ही विदा ले रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रयागराज हमेशा से आस्था और शांति की धरती रही है। श्रद्धा के साथ यहां आया था, लेकिन एक ऐसी घटना हो गई, जिसकी मैंने कभी उम्मीद नहीं की थी। इस घटना ने मेरी आत्मा को झकझोर दिया। इससे न्याय और मानवता के प्रति मेरा विश्वास कमजोर हुआ है। शंकराचार्य ने बताया कि उन्होंने जो कहना था, कह दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि कल माघ मेला प्रशासन की ओर से उन्हें एक पत्र और प्रस्ताव भेजा गया था।

जेनिफर विंगेट संग

### शादी पर करण वाही ने तोड़ी चुप्पी



एक्टर ने रूमर्स को खारिज करते हुए बताया फेक न्यूज, दोनों लंबे समय से दोस्त हैं

**मुंबई।** एक्टर करण वाही और जेनिफर विंगेट इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर दोनों की शादी को लेकर लगातार अफवाहें उड़ रही हैं और इंटरनेट पर इससे जुड़ी कई रिपोर्ट्स भी सामने आ रही हैं। हालांकि, इन खबरों की सच्चाई कुछ और ही है। हिंदुस्तान टाइम्स की एक्सक्लूसिव रिपोर्ट के मुताबिक, जब इन रूमर्स को लेकर उन्होंने करण वाही से संपर्क किया, तो एक्टर ने साफ शब्दों में इन खबरों को खारिज करते हुए कहा, फेक न्यूज। करण के इस बयान के बाद दोनों की शादी को लेकर चल रही अटकलों पर फिलहाल विराम लग गया है। बता दें कि करण वाही और जेनिफर विंगेट इंडस्ट्री में लंबे समय से हैं और दोनों काफी अच्छे दोस्त हैं। दोनों ने अपने करियर के शुरूआती दौर में फेमस टीवी शो दिल मिल गए में साथ काम किया था। जहां जेनिफर ने डॉ. रिद्धिमा गुप्ता और करण ने डॉ. सिद्धांत मोदी का किरदार निभाया था। साल 2024 में लगभग 14 साल बाद दोनों वेब सीरीज रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में एक बार फिर स्क्रीन पर साथ नजर आए। इस सीरीज में उनकी केमिस्ट्री को ऑडियंस ने काफी पसंद किया, जिसके बाद उनके डेटिंग की अफवाहें भी तेज हो गईं। पर्सनल लाइफ की बात करें तो करण लंबे समय से सिंगल हैं, जबकि जेनिफर विंगेट की शादी पहले एक्टर करण सिंह ग्रोवर से हुई थी। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी, लेकिन दो साल बाद अलग हो गए और नवंबर 2014 में अपने अलगाव की आधिकारिक घोषणा की।

### बांदीपोरा में शोक सभा के दौरान अचानक गिरी छत, 10 लोग घायल

**बांदीपोरा (जम्मू कश्मीर)।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपुरा जिले में बुधवार 28 जनवरी को एक शोक सभा के दौरान एक रिहायशी घर की छत गिरने से करीब 10 लोग घायल हो गए। मामला हाजिन इलाके के चंदरगैर गांव की है, जहां लोग एक शोक सभा में शामिल होने के लिए एकत्र हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि, यह घटना तब हुई जब बड़ी संख्या में लोग एक शोकाकुल परिवार को संवेदना व्यक्त करने के लिए घर के एक कमरे में इकट्ठा हुए थे। तभी अचानक छत का एक हिस्सा अचानक गिर गया और सीधे शोक व्यक्त करने वालों पर गिर गया। चश्मदीदों ने बताया कि कई लोग कुछ देर के लिए गिरे हुए सामान के नीचे दब गए थे।

### सेंसेक्स 487 अंक चढ़कर 82,344 पर बंद हुआ

**मुंबई।** शेयर बाजार 28 जनवरी (बुधवार) को तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 487 अंक चढ़कर 82,344 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 167 अंक चढ़ा, ये 25,342 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं कारोबार के दौरान सेंसेक्स अपने दिन के ऊपरी स्तर से करीब 650 अंक और निफ्टी भी डे हाई से 185 अंक गिरा था। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 82,503 का और निफ्टी ने 25,372 का हाई बनाया था। ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.4% की तेजी देखने को मिली। फाइनेंशियल सर्विसेज, ऑटो, आईटी, मीडिया, मेटल, सरकारी बैंक, प्राइवेट बैंक और रियल्टी सेक्टर में भी 2.5% तक की तेजी रही।

---

क्षेत्रीय विधायक महेश परमार ने 50 लाख रुपये मुआवजा की मांग रखी

# फसल बर्बादी का सोश्यल मीडिया पर वीडियो डाल किसान फंदे पर लटका

## तहसीलदार बोले सर्वे करवाया, पंचनामा बनवाया, मृतक कृषक की फसल में कोई नुकसानी नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले के कुछ क्षेत्रों में मंगलवार को अपराह्न मावठे की बारिश एवं ओलावृष्टि हुई थी। माकड़ौन के खेड़ाजमुनिया के कृषक पंकज पिता आत्माराम मालवीय 30 वर्ष ने मंगलवार को पूर्वाह्नमें सोश्यल मीडिया पर फसल बर्बादी का विडियो डालकर देर रात अपने खेत पर वृक्ष से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में क्षेत्रीय विधायक महेश परमार ने किसान के परिजन को 50 लाख मुआवजा की मांग की है। प्रशासन ने किसान की फसल का सर्वे करवाया है जिसमें उसकी फसल में कोई नुकसानी नहीं आई है।



माकड़ौन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत के अनुसार किसान पंकज मंगलवार रात को घर से खाना खाकर खेत पर गया था। उसके बाद सुबह परिजन मवेशी छोड़ने खेत पर पहुंचे तो उन्होंने उसे पेड़ से लटका देखा। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस को घटनास्थल से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का माकड़ौन में पोस्टमार्टम करवाया एवं परिजनों के सुपुर्द किया। कृषक का अंतिम संस्कार उसके पैतृक गांव खेड़ा जामुनिया में किया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कृषक ने मंगलवार सुबह सोश्यल मिडिया पर फसल बर्बादी का वीडियो डाला था। कृषक की आत्महत्या का कारण अज्ञात है, मर्ग जांच जारी है।



### मुख्यमंत्री के निर्देश पर उज्जैन में खराब हुई फसल का सर्वे प्रारंभ

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार रात्रि में आंधी-तूफान ओलावृष्टि से कारण फसलों को हुए नुकसान का सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है। सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर कल रात्रि से ही राजस्व विभाग के द्वारा उज्जैन जिले में फसल नुकसान का आकलन करने के लिए सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है' इसके संबंध में सभी तहसीलदार, आरआई, पटवारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह गांव-गांव में जाकर फसलों को हुए नुकसान का सर्वे प्रारंभ कर दें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी किसानों को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा जो भी किसानों की फसल का ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुआ है उसका आकलन प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को अपर कलेक्टर शाश्वत शर्मा के द्वारा तराना विकास खंड के अंतर्गत ओलावृष्टि से हुई फसल नुकसान का सर्वे कार्य किया जा रहा है। इस दौरान स्थानीय तहसीलदार और पटवारी जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर शर्मा द्वारा ग्राम कोठरी और ग्राम झुमकी में ओलावृष्टि से प्रभावित हुई फसलों का निरीक्षण किया गया।

### विधायक ने 50 लाख मुआवजे की मांग रखी

कृषक की मौत की जानकारी लगने पर गांव पहुंचे क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस के जिलाध्यक्ष महेश परमार ने कहा दुःख की इस घड़ी में हम परिवार के साथ है परिवार ने बताया पंकज के पास लगभग 6 बीघा की खेती है और गेंहू फसल लगाई थी जो पूरी तरह चौपट हो गई। आर्थिक तंगी से पहले ही परेशान था उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली फसल बर्बादी की ओर देर रात आत्महत्या कर ली। मैंने 50 लाख रु. मुआवजा परिवार को दिलवाने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की है साथ ही प्रभावित सभी क्षेत्रों में जल्द सर्वे करवाकर किसानो के नुकसान की भरपाई करने को पत्र लिखा है। प्रशासन फसल नुकसानी को मानने को तैयार नहीं है। कृषक ने आत्महत्या से पूर्व अपने समधि से चर्चा में फसल बर्बादी का जिक्र करते हुए शादी कैसे करेंगे की चिंता को व्यक्त किया था।

### अप्रैल में बहन की शादी करने वाला था

कृषक के परिजनों के अनुसार उसके पिता की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है और उसके पास करीब 8 बीघा जमीन है। उसकी एक बेटी-बेटा है और दो दिन पूर्व उसने बहन की सगाई की थी, जिसकी शादी अप्रैल में किया जाना तय था। उसने अपने समधी को भी कल चर्चा के दौरान फसल की बर्बादी का जिक्र किया था।

### फसल में कोई नुकसानी नहीं

क्षेत्रीय प्रभारी तहसीलदार नवीनचंद्र कुंभकार का कहना है कि मृतक किसान के खेत पर खड़ी फसल का सर्वे उन्होंने पटवारी से करवाया है। कृषक के खेत पर गेहूं की फसल खड़ी है जिसमें ऐसा कोई नुकसान सामने नहीं आया है। फसल का वीडियो बनाकर पंचनामा बनाया गया है। क्षेत्र में सभी 120 गांवों में से 20-22 में नुकसान हुआ है लेकिन खेड़ा जामुनिया में ऐसा नुकसान सामने नहीं आया है। क्षेत्र में बारिश हुई थी वह भी मंगलवार अपराह्न में हुई थी मृतक कृषक ने तो पूर्वाह्न से ही सोश्यल मीडिया पर वीडियो डाल दिया था। कृषक की आत्महत्या से फसल का लेना देना नहीं है।

---

प्लैन क्रैश में महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम पंवार सहित 5 का निधन

# अजित पवार का अंतिम संस्कार आज

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार का निधन हो गया है। बुधवार सुबह 8.45 बजे बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान उनका चार्टर्ड प्लेन क्रैश हो गया। वे 66 साल के थे। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू मेंबर समेत 5 लोगों की जान गई।

पवार 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए चार रैलियों को संबोधित करने वाले थे। वे मुंबई से सुबह 8.10 बजे रवाना हुए थे। केंद्रीय एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने बताया कि पायलट ने बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग की कोशिश की थी, लेकिन रनवे साफ दिखाई नहीं दिया तो वह प्लेन को दोबारा ऊंचाई पर ले गया।



पहली कोशिश नाकाम रहने के बाद बारामती के रनवे-11 पर दोबारा लैंडिंग की कोशिश की गई। इस दौरान विमान रनवे से पहले ही गिर गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान पायलट ने कोई इमरजेंसी सिग्नल नहीं दिया था। उसने 'मेडे' कॉल भी नहीं किया था।

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस बारामती पहुंच गए हैं। उन्होंने आज स्कूलों की छुट्टी और 3 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। पवार का अंतिम संस्कार बारामती में गुरुवार सुबह 11 बजे किया जाएगा। अजित के चाचा शरद पवार, पत्नी सुनेत्रा, दोनों बेटे और बहन सुप्रिया सुले भी बारामती पहुंच गई हैं। इधर, एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो, यानी एएआईबी ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। जांच एजेंसी की एक टीम दिल्ली में विमान की ऑपरेटर कंपनी वीएसआर वेंचर्स के ऑफिस पहुंची है।

### सोना आज 5,734 बढ़कर 1.63 लाख पर पहुंचा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चांदी-सोने के दाम लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 28 जनवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 5,734 रुपए बढ़कर 1,64,635 रुपए पर पहुंच गया है। दो दिन में सोना 10,335 महंगा हुआ है। इससे पहले सोने का भाव 23 जनवरी को 1,54,310 रुपए/10ग्राम था। वहीं एक किलो चांदी आज 17,257 रुपए बढ़कर 3,61,821 रुपए प्रतिकिलो पर ओपन हुई। हालंकी शाम तक यह 13,703 रुपए बढ़कर 3,58,267 पर बंद हुई।

ग्वालियर, भोपाल सहित कई शहरों में घना कोहरा

### प्रदेश के 30 जिलों में बारिश, 8 में ओले गिरे, फसलों को भारी नुकसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

दो सिस्टम के एक्टिव होने से मध्य प्रदेश में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर जारी है। 24 घंटे के दौरान भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर समेत प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। ग्वालियर में ढाई इंच पानी गिर गया। वहीं 8 जिलों में ओलावृष्टि दर्ज की गई। इससे गेहूं, चना और सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचा है।

मौसम विभाग के अनुसार, भोपाल, इंदौर, खंडवा, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम, खंडवा, बड़वानी, रतलाम, श्योपुर, उज्जैन, दमोह, जबलपुर, नरसिंहपुर, रीवा, सतना, टीकमगढ़, छतरपुर, शाजापुर,



मंदसौर, आगर-मालवा, देवास, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, खरगोन, सीहोर, सागर, मऊगंज, धार आदि जिलों में 24 घंटे के अंदर बारिश का दौर चला।

**ग्वालियर-शिवपुरी में स्कूलों की छुट्टी-** भोपाल और इंदौर में मंगलवार को गरज-चमक के साथ बारिश हुई। जबकि ग्वालियर में लगातार बारिश के चलते ठंड बढ़ गई। हालात को देखते हुए ग्वालियर प्रशासन ने बुधवार को कक्षा 8वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी।

---

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा प्लेन में थे

### एअर इंडिया की फ्लाइट रनवे टच कर फिर उड़ी, 10 मिनट बाद सफल लैंडिंग

एजेंसी ▸▸ जयपुर

दिल्ली से जयपुर पहुंची एअर इंडिया की फ्लाइट एआई - 1719 की लैंडिंग फेल होने से दहशत फैल गई। बुधवार दोपहर को विमान रनवे को टच करते ही वापस उड़ गया।

जानकारी के अनुसार फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी थे। रंधावा पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम व गुरदासपुर से कांग्रेस सांसद हैं। हालांकि करीब 10 मिनट बाद दूसरे प्रयास में विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहले भी लैंडिंग फेल होने की घटनाएं सामने आई हैं। दरअसल, फ्लाइट एआई - 1719 ने दोपहर करीब 1 बजकर 5 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग का प्रयास किया था। इस दौरान पायलट ने रनवे को छूते ही विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। अस्थिर अप्रोच के कारण पायलट ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए गो-अराउंड का फैसला लिया। पहले प्रयास के बाद विमान ने एयरपोर्ट के ऊपर कुछ देर तक गोल चक्कर लगाया। करीब 10 मिनट बाद पायलट ने सफल लैंडिंग की। इस फ्लाइट में 135 पैसेंजर्स थे। सूत्रों के मुताबिक, इस फ्लाइट में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी सवार थे। घटना के दौरान विमान में मौजूद यात्रियों में कुछ समय के लिए चिंता जरूर रही। एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि उड़ानों के संचालन में इस तरह की स्थिति पूरी तरह सुरक्षा मानकों के तहत आती है। ऐसे में पायलट को किसी भी स्तर पर लैंडिंग सुरक्षित नहीं लगती, तो वह विमान को दोबारा हवा में उठाने का निर्णय ले सकता है।

### रूसी सैनिकों को कपड़े उतारकर पेड़ से बांधा

एजेंसी ▸▸ रुस

यूक्रेन के खिलाफ युद्ध लड़ने से मना करने वाले रूसी सैनिकों को उनके ही कमांडर बहुत बुरी तरह सजा दे रहे हैं। इसके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। ऐसे ही एक वीडियो में कुछ सैनिकों को कपड़े उतारकर ठंड में पेड़ों से बांध दिया गया। वे कड़ाके की ठंड में कांपते नजर आ रहे हैं। एक वीडियो में एक सीनियर अधिकारी एक सैनिक के मुंह में जबरदस्ती बर्फ डालता है, जबकि सैनिक माफी मांगता है। अधिकारी उस पर चिल्लाते हुए कहता है कि उसने आदेश नहीं माना और अपनी पोस्ट छोड़ने की कोशिश की।

### शिवराज के मंत्रालय ने अटकाए मप्र के 7774.54 करोड़

10 माह में 25 विभागों को केंद्र से नहीं मिला एक भी रुपया; 44,355 करोड़ मिलने थे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश के 25 विभागों के लिए केंद्र सरकार ने एक अप्रैल से 20 जनवरी के बीच में एक रुपया नहीं दिया है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के किसान कल्याण, कृषि विकास और ग्रामीण विकास विभाग से ही 7774.54 करोड़ रुपए नहीं मिल सके हैं। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ ने इस स्थिति पर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। नाथ ने एक्स पर लिखा है कि मध्य प्रदेश की जनता भाजपा की डबल इंजन सरकार से डबल मुसीबत में फंस गई है।

प्रदेश में ये दोनों ही विभाग एदल सिंह कंसाना और प्रहलाद पटेल के पास हैं। दूसरी ओर,



जल जीवन मिशन के लिए केंद्र सरकार ने पीएचई को मिलने वाले 8561 करोड़ में से एक रुपया भी नहीं दिया।

इसी तरह, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल, नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के अलावा गोविंद सिंह राजपूत, निर्मला भूरिया भी दिल्ली से पैसा नहीं ला सके।

केंद्र सरकार से एमपी को चालू वित्त वर्ष में 44,355.83 करोड़ रुपए मिलने थे। जब अब तक 10 माह बीतने पर भी सिर्फ 9753.05 करोड़ रुपए ही मिल सके हैं। इस तरह सिर्फ 22 फीसदी फंड ही दिल्ली से आया है। जबकि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करने को लेकर मंत्रियों को बार-बार निर्देशित कर चुके हैं। पीएचई विभाग को जल जीवन मिशन के लिए 8561.22 करोड़ दिए जाने हैं लेकिन दस माह में एक रुपया भी नहीं दिया गया। पीएचई विभाग की मंत्री संपतिया उइके इस काम के लिए फंड ला पाने में नाकाम रही हैं उलटे उन पर कमीशनखोरी के आरोप में दिल्ली में हुई शिकायत के बाद जांच के आदेश विभाग के ईएनसी कर चुके हैं।

---

आम मतदाताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा, बड़ी संख्या में पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने की आशंका

# एसआईआर के आंकड़ों पर घमासान, प्रदेश में भाजपा-कांग्रेस दोनों परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इन्दौर

मप्र में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के बाद जारी किए गए मतदाताओं के आंकड़ों ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों को पसोपेश में डाल दिया है। दोनों पार्टियों ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर कार्यक्रम पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

कांग्रेस का आरोप है कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के नाम पर आम मतदाताओं को अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है और बड़ी संख्या में पात्र नागरिकों के नाम मतदाता



सूची से हटाए जाने की आशंका बन गई है। वहीं भाजपा ने भी आयोग के सामने अपनी बात रखी है।

कांग्रेस अब दस्तावेजों के साथ भारत निर्वाचन आयोग में शिकायत करने जा रही है। पार्टी ने हर जिले से रिपोर्ट मांगी है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार नाम काटने वाले फॉर्म सात में भारी अनियमितता के आरोप लगाए हैं। पार्टी का दावा है कि प्रिंटेड फॉर्म लिए गए, जो नहीं लिए जा सकते थे।

उधर, भाजपा ने स्थायी रूप से स्थानांतरित 22 लाख से अधिक मतदाताओं को अवसर न देने और 20 लाख लोगों के नाम न जुड़ पाने का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा को ज्ञापन दिया है। प्रदेश में एसआईआर के अंतर्गत गणना पत्रक जमा कराने के साथ दावा-आपत्ति का चरण पूरा हो चुका है। अब इनका निराकरण किया जाएगा और फिर 21 फरवरी को मतदता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

### भाजपा पर दबाव बनाने का आरोप

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का आरोप है कि एसआईआर की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी हुई है। जो नाम काटे गए, उनमें से कई के दोबारा आवेदन जमा कराए गए हैं। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन अधिकारियों पर दबाव बनाकर प्रिंटेड फार्म जमा किए हैं, जबकि ऐसा करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी नागांव (असम) ने गलत फार्म-सात के आधार पर की जा रही समस्त प्रक्रिया को निरस्त किया है। रायसेन सहित अन्य जिले में एक ही व्यक्ति ने 200-200 आपत्तियां दर्ज कराई। एक-एक व्यक्ति ने डेड़-डेढ़ सौ फार्म जमा किए हैं, जबकि एक दिन में एक बूथ लेवल कार्यकर्ता 15 फार्म जमा कर सकता है। उन मतदाताओं को भी त्रुटि के नाम पर नोटिस दिए गए हैं, जिन्होंने अपनी पूरी जानकारी गणना पत्रक में दी थी। कांग्रेस के संगठन महामंत्री संजय कामले का कहना है कि सभी जिला मुख्यालयों पर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। इनकी रिपोर्ट जिला पदाधिकारियों से मांगी गई है। विधिक परामर्श भी ले रहे हैं और भारत निर्वाचन आयोग को ज्ञापन भी दिया जाएगा।

### 31 लाख मतदाताओं को लेकर आपत्ति

उधर, प्रदेश भाजपा ने भी एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए हैं। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि 31 लाख मतदाताओं के नाम अनुपस्थित और स्थायी रूप से स्थानांतरित की श्रेणी में डालकर प्रारूप सूची में शामिल नहीं किए गए। किसी को भी अपनी बात रखने का अवसर नहीं मिला। इनमें से कई मतदाता उपलब्ध हैं और इन्हें फिर से नाम जुड़वाने के लिए प्रक्रिया करनी पड़ रही है। जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार लगभग 20 लाख मतदाताओं के नाम सूची में शामिल नहीं हो पाए। प्रक्रियात्मक त्रुटि के नाम पर भी मतदाताओं को नोटिस दिए गए हैं, जिससे वे परेशान हो रहे हैं। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि हमारे बूथ लेवल एजेंटों ने नाम जुड़वाने के लिए आवेदन करवाए हैं। साथ ही अपात्र होने के बाद भी जिनके नाम सूची में बने हुए हैं, उन्हें लेकर आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## हरफनमौलाओं के होते इतनी देरी...

जहां हरफनमौलाओं का दस्ता हो वहां अगर कोई बात उलझे या बिगडे तो मायने समझने की स्थिति बन जाती है। जिन हरफनमौलाओं ने इसी जिले में अन्य स्थानों पर इससे विपरित स्थितियों को महज चंद घंटों में संभाला हो और उनके होते हुए भी ऐसा हो तो मामला थोडा पेचिदा बन जाता है। सवालों की फेहरिस्त सामने आने लगती है। जिले के जिस अनुभाग में हाल ही में जो कुछ हुआ वो तो मायने रखता ही है पर इससे अधिक यह बात उपजकर सवालों के दायरे में उठ रही है कि आखिर इस मामले में ऐसा क्यों हुआ कि एक शाम के बाद बवालियों को इतना समय और अवसर मिला कि वे मनमर्जी के आलम पर उतर आए और फिर दहशत के माहौल तक आलम को ला दिया। अंततः तकनीक वहीं उपयोग करना पडी जिस पर हमेशा ही काम होता है। अनुभाग के नियम-कायदे के कार्यपालिक कप्तान यहां आने से पूर्व पास के अनुभाग में ऐसे मामलों से बहुत ही उम्दा तरीके से निपट चुके थे और वाकिफ भी थे। अनुभाग के वर्दी वाले कप्तान भी अपने फन में माहिर हैं और उनकी सर्विस बुक में ऐसे कामों का अच्छा अनुभव सामने आ रहा है। इसके साथ ही अनुभाग में कई सारे सहयोगी भी बल्लम थे। उपरांत इसके मामले का 24 घंटे से अधिक चलना। इसके बाद भी दोनों को इतना समय लगना और वरिष्ठों के मैदान में आने की स्थिति बन पडने पर सवाल लाजिमी है। इस सवालों को लेकर खुसूर-फुसूर आम है कि पास के जिले में पूरी शक्ति निहित थी और अधिकांश शक्ति वहां गई हुई थी। इसके अलावा प्रारंभिक रूप से मामले को सामान्य लिया जा रहा था जिस पर इस तरह की क्रिया और प्रतिक्रिया की उम्मीद कम ही थी। दुसरे दिन पडोस से शक्ति लौटी तो बवालियों को फिर रात में समझ आ गई की अब खैर नहीं है। गडबड की तो फिर बांसुरी से धून बजना तय है।

## मुख्यमंत्री ने शिप्रा तट पर तीन रंग के गुब्बारे छोड़ कर राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का दिया संदेश



**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्तिक मेला मैदान स्थित शिप्रा तट सुनहरी घाट पर तिरंगे के रंग के गुब्बारे छोड़ कर राष्ट्रभक्ति और जनसेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर मां शिप्रा में 40 से अधिक नावों पर ध्वज लिए होमगार्ड, एसडीईआरएफ के जवान उपस्थित होकर देश भक्ति के गीत गा रहे थे। घाट पर तिरंगे की थीम पर साज सज्जा की गई। साथ ही घाट पर कलाकारों द्वारा भगोरिया नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

## सड़क चौड़ीकरण की धीमी रफ्तार से तेलीवाड़ा में लोगों ने किया चक्काजाम

**उज्जैन।** उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेले को लेकर शहर के तेलीवाड़ा क्षेत्र में धीमी गति से चल रहे चौड़ीकरण काम को लेकर रहवासी आक्रोशित हो गए। क्षेत्रीय पार्षद के साथ मिलकर उन्होंने चक्काजाम कर दिया।

महीनों से उज्जैन में चल रहा चौड़ीकरण काम कई दिनों से क्षेत्र में बंद पड़ा है, जिसके चलते लोगों का सड़कों से निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चे और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को आक्रोशित रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पूर्व निगम सभापति आजाद यादव के नेतृत्व में चक्का जाम कर दिया।

### सरकार पर 670 दिन पूर्व समझौते को निभाने की मांग रखी बैंक कर्मचारियों ने हडताल रखकर, जिले में बैंकों की 290 शाखाएं बंद रही,4 हजार कर्मचारी हडताल पर रहे

# नारेबाजी से वादा निभाने की मांग, रैली निकाल कर प्रदर्शन किया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को बैंक कर्मचारी नानाखेडा में पंजाब नेशनल बैंक शाखा के समक्ष पूर्वान्ह में एकत्रित हुए और उन्होंने केंद्र सरकार से समझौते के तहत वादा निभाने की मांग करते हुए जमकर नारेबाजी की है। इसके बाद कर्मचारियों ने एकता का परिचय देते हुए यहां रैली निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में करीब एक हजार से अधिक बैंक कर्मचारी शामिल हुए हैं।

उपाध्यक्ष एन.सी.बी.ई मप्र. छग.,प्रदेश महासचिव अखिल भारतीय ओवरसीज बैंक संघ ठा.विपिन सिंह सतोरिया ने बताया कि मंगलवार को बैंक कर्मचारियों ने अपना यह आंदोलन एक सूत्रीय माँग पाँच दिवसीय बैंकिंग को लेकर किया है। उनका कहना था कि कई प्रदेशों में 5 कार्य दिवस की कार्य योजना लागू हो चूकी है। मध्यप्रदेश में भी कोरोना काल से 5 कार्य दिवस की व्यवस्था लागू है। केंद्र सरकार समझौते के बावजूद इसे लागू नहीं कर रही है। सरकार को अपना समझौता में किया वादा निभाना चाहिए। बैंक कर्मचारियों ने यहां से नानाखेडा होते हुए पुनः पंजाब नेशनल बैंक तक रैली निकालकर प्रदर्शन भी किया। हडताल से जिले की विभिन्न बैंकों की 290 शाखाएं बंद रही और करीब 4 हजार कर्मचारी हडताल पर रहे हैं।

### महिलाकर्मी भी शामिल हुई

एक दिवसीय हडताल में बडी संख्या में कर्मचारी नानाखेडा कासमास माल के सामने स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने एकत्रित हुए और उन्होंने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान बडी संख्या में महिला कर्मचारी भी उपस्थित रही। उनका कहना था कि सरकार को अपने समझौते के अनुसार वादा निभाते हुए 5 दिवसीय कार्य दिवस के आदेश बैंकों के कर्मचारियों के लिए लागू करना चाहिए।

### 670 दिन पहले हुआ समझौता

युनियन नेता ठा.विपिन सिंह सतोरिया के अनुसार वर्ष 2024 में बैंकों ने अपनी मांगों के लिए हडताल की थी। 8 मार्च 2024 को केंद्र सरकार के साथ समझौता हुआ और हडताल वापस हुई थी। इस समझौते में बैंकों में 5 दिवसीय कार्य व्यवस्था लागू करने का सरकार ने वादा किया था। 670 दिन व्यतीत हो जाने के बाद भी सरकार ने अपना वादा नहीं निभाया है।

### वित्तीय क्षेत्र में पहले से व्यवस्था लागू

बैंक युनियनों का कहना है कि वित्तीय क्षेत्र में पहले ही RBI, LIC और GIC में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है। केंद्र एवं राज्य सरकारों के सभी कार्यालय भी सोमवार से शुक्रवार तक ही कार्य करते हैं। शेयर बाजार भी सोमवार से शुक्रवार तक संचालित होते हैं। मुद्रा बाजार, विदेशी मुद्रा लेन-देन आदि शनिवार एवं रविवार को बंद रहते हैं।

बैंकों में पहले से ही द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार अवकाश हैं। सोमवार से शुक्रवार तक कार्य समय बढ़ाकर शेष शनिवारों को अवकाश घोषित करने से बैंक ग्राहकों को वर्तमान परिस्थितियों में कोई विशेष असुविधा नहीं होगी, क्योंकि बैंकिंग सेवाओं के लिए वैकल्पिक डिजिटल माध्यम उपलब्ध हैं।

### सकारात्मक जवाब नहीं

हडताल से पूर्व बैंक कर्मचारी संगठनों ने चर्चा की पहल की थी। मुख्य श्रम आयुक्त द्वारा 22 एवं 23 जनवरी 2026को दिल्ली में सुलह बैठक आयोजित की गई। वित्त मंत्रालय के अधिकारी उपस्थित हुए, किंतु कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी गई। सुलह प्रक्रिया से कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला और सरकार मांगों पर सहमत नहीं हुई, इसलिए वऋइव ने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया।

### 2015 से चल रहा मामला

बैंकिंग उद्योग में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने हेतु सरकार द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जाए तथा शेष शनिवारों (वर्तमान में माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार बैंक अवकाश हैं) को भी अवकाश घोषित किया जाए, जैसा कि भारतीय बैंक संघ (क्इअ) द्वारा 7-12-2023 को क्इअ एवं वऋइव के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन तथा 8-3-2024 के संयुक्त नोट/समझौते में सहमति अनुसार अनुशंसित किया गया है ।यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (वऋइव) की ओर से बैंकिंग क्षेत्र में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की लगातार मांग की जा रही है । वर्ष 2015 में हुए समझौते में क्इअ और सरकार के बीच यह सहमति बनी थी कि प्रत्येक माह के द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को अवकाश घोषित किया जाएगा । शेष शनिवार पूर्ण कार्य दिवस होंगे। उस समय यह आश्वासन दिया गया था कि भविष्य में सभी शेष शनिवारों को अवकाश घोषित करने की मांग पर उचित समय पर विचार किया जाएगा, किंतु यह मुद्दा लंबित ही है। वर्ष 2022 में सरकार और भारतीय बैंक संघ ने वऋइव के साथ इस मुद्दे पर चर्चा करने पर सहमति व्यक्त की थी कि कार्य दिवसों के कार्य घंटों में वृद्धि कर शेष शनिवारों को अवकाश घोषित किया जा सके। दिसंबर 2023 में चर्चा के उपरांत यह सहमति बनी कि सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन 40 मिनट कार्य समय बढ़ाया जाएगा और शेष शनिवारों को अवकाश घोषित किया जाएगा। इस प्रस्ताव को विधिवत सरकार को भेजा गया, किंतु दुर्भाग्यवश पिछले दो वर्षों से सरकार की स्वीकृति लंबित है। सरकार की ओर से कोई उत्तर न मिलने के कारण वऋइव ने 24 एवं 25 मार्च 2025 को दो दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया था। उस समय हमें यह सूचित किया गया कि मामला सक्रिय विचाराधीन है, इसलिए हड़ताल स्थगित कर दी गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट में महाकाल मंदिर की वीआईपी दर्शन याचिका खारिज

### हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रखा; गर्भगृह में किसे प्रवेश मिलेगा कलेक्टर ही तय करेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में नेताओं और वीआईपी को प्रवेश देने का मामला अब सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। इससे पहले इस मामले पर हाईकोर्ट में सुनवाई हो चुकी थी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही इंदौर हाईकोर्ट का फैसला महाकाल मंदिर समिति पर



लागू रहेगा, जिसमें उज्जैन कलेक्टर को यह अधिकार दिया गया था कि वे तय करें कि कौन वीआईपी है और कौन नहीं।

दरअसल, महाकाल मंदिर में आम श्रद्धालुओं के गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाए जाने के बाद इंदौर के अधिवक्ता चर्चित शास्त्री और दर्पण अवस्थी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि देशभर से लाखों श्रद्धालु महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें गर्भगृह के बाहर से ही दर्शन करने पड़ते हैं, जबकि नेता और प्रभावशाली लोग आसानी से गर्भगृह में प्रवेश कर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। मंगलवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा और याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट जाने को कहा।

# प्रो डॉ. विजय गर्ग का सम्मान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आर डी गार्डी मेडिकल कालेज का रजत जयंती समारोह २५ जनवरी को आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो डॉ विजय गर्ग को टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुम्बई के डायरेक्टर डॉक्टर कुमार प्रभाष एवं डॉ सेवंती लिमये ने आपकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मान दिया। प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ आरती जुल्का ने इस अवसर पर कहा कि सीनियर प्रो डॉ विजय गर्ग को यह सम्मान एक श्रेष्ठ चिकित्सक एवं शिक्षक के रूप मैं कई मेडिसिन के राष्ट्रीय सम्मेलनों मैं आर डी गार्डी मेडिकल कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने के लिए दिया जा रहा है।

# महाराजा महाविद्यालय में समारोह पूर्वक मनाया 77 वां गणतंत्र दिवस




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाराजा महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन श्री वीरेंद्र कुमार लड्डा ने कहा कि आज भारत अपना 77 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। हमारा यह संविधान ही है जो भारत के सभी जाति और वर्ग के लोगों को एकता के सूत्र में बांधे रखता है।

संस्था के सीईओ श्री शांतिलाल जैन ने कहा कि गणतंत्र दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि 26 जनवरी 1950 को पूरे 2 साल 11 महीने और 18 दिन लगा कर बनाया गया संविधान लागू किया गया था और हमारे देश भारत को पूर्ण गणतंत्र घोषित किया गया।

26 जनवरी के दिन देश के शहीदों को और उनके बलिदान को याद किया जाता है। गणतंत्र दिवस के तीसरे दिन बीटिंग द रिट्रीट का आयोजन किया जाता है, इस आयोजन में गणतंत्र दिवस के आयोजनों की आधिकारिक रूप से समापन घोषणा की जाती है।

कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से किया गया तथा प्रशिक्षणार्थियों ने देश भक्ति से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को महाराजा महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन श्री वीरेंद्र कुमार लड्डा,कार्यकारी निदेशक डॉ चित्रांगद उपाध्याय, आर. यू. खान प्राचार्य, महाराजा इंटरनेशनल स्कूल प्रशासनिक अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार लड्डा,प्रो प्राचार्य डॉ. मिताली बजाज सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील कुमार मंडेरिया एवं आभार डॉ. अनुराधा सुपेकर ने किया।

# कालिदास मांटेसरी विद्यालय में नारी सशक्तिकरण थीम पर मनाया गणतंत्र दिवस





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विद्यालय में जहां परेड का नेतृत्व परेड कमांडर छात्रा खुशी जायसवाल ने किया, वही विद्यालय परेड के दौरान सभी हाउस कि कमान भी सभी छात्राओं ने संभाली आकांक्षा जोशी, कृतिका चौधरी, युक्ति जैन आदि ने परेड का नेतृत्व किया . वही कार्यक्रम का संचालन छात्रा अद्विका पाटीदार ने किया ' विद्यालय में गणतंत्र दिवस परेड की सलामी निरीक्षण एवं ध्वज मुख्य अतिथि श्री सुनील जी जैन ने फहराया।

इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्री मानक लाल जी गिरिया, सचिव श्री यशवंत जैन एवं डायरेक्टर श्री दिनेश शाह उपस्थित रहे ' विद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीतों पर नृत्य, योग , पिरामिड की आकृति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे इसके पश्चात समापन हुआ ' विद्यालय की प्राचार्य श्री मति छाया पंड्या मेम ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे ' विद्यालय की इस वर्ष की थीम नारी सशक्तिकरण विकसित भारत @ 2047, महिला शिक्षा एवं सर्वश्रेष्ठ भारत को प्रदर्शित करती है।

# सेवा सहकारी संस्था मर्यादित रातडिया में ग्राम मोहनपुरा में गणतंत्र दिवस मनाया





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोमवार को सेवा सहकारी संस्था मर्यादित रातडिया के कार्य क्षेत्र में लगने वाले ग्राम मोहनपुरा में गणतंत्र दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन जी यादव के साथ माननीय के प़ाटनकर जी उपायुक्त सहकारीता उज्जैन जिला एवं विशेष जी श्रीवास्तव मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित उज्जैन। उपस्थित हुए एवं माननीय मुख्यमंत्री जी के साथ सह भोज किया गया ।


## गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं




गणतंत्र दिवस पर सरपंच वर्षा नरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा झंडा फहराया गया। कार्यक्रम में उप सरपंच जुझार केवट, सचिव मुकेश कुमार चौहान जनपद सदस्य प्रतिनिधि दुर्गेशकुमारिया, सांसद प्रतिनिधि कान्हा जी सेन, अखलेश त्रिवेदी, वरिष्ठजन श्याम जी कुमावत, उत्तमसिंहजी बापू, इंदर सिंह चौहान, जगदीश जी, मनोहर भाईजी, पंच एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।
-9424560694

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

क्षेत्रीय अखबार नं. 1

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 29 जनवरी, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### इंदौर में पहली बार टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल

**इंदौर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल से प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में एक नया और रोमांचक अध्याय जुड़ने जा रहा है। एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रेमियों के लिए इंदौर में पहली बार टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल का आयोजन 31 जनवरी एवं 1 फरवरी 2026 को शहर के मनोरम और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कोरबन हिल्स में किया जाएगा। यह आयोजन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड एवं मध्यप्रदेश फ्लाइंग क्लब के संयुक्त सहयोग से संपन्न होगा। सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य, भौगोलिक विविधता और रोमांचक पर्यटन की अपार संभावनाओं से समृद्ध राज्य है। टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल जैसे आयोजन प्रदेश को एडवेंचर टूरिज्म के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस संबंध में मंगलवार, 27 जनवरी को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयुक्त संचालक डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने बताया कि फेस्टिवल के दौरान शुरूआती एवं अनुभवी प्रतिभागियों के लिए विशेष पैराग्लाइडिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### नागरिकों की समस्याएं सुनकर किया गया निराकरण

**इंदौर।** कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया गया। जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई। कलेक्टर कार्यालय में आज मुख्य रूप से अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया।

जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, निजी भूमि पर अतिक्रमण, मकान पर किराएदारों का कब्जा, दिव्यांगजन को साइकिल की सहायता आदि से संबंधित आवेदन आए। आवेदकों की सुनवाई अधिकारियों द्वारा की गई। साथ ही जनसुनवाई में आये पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए उन्हें मध्यस्थता का केंद्र में प्रेषित किया गया है ताकि आपसी सुलह, समझौते से पारिवारिक विवाद आसानी से सुलझ जाए। कुछ ऐसे आवेदक आए जिन्हें इलाज के लिए आर्थिक सहायता चाहिए थी, उन्हें रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। जनसुनवाई में आज कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा भी बड़ी संख्या में आवेदकों की समस्याओं को सुना गया और उनका निराकरण किया गया।

### शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ

**इंदौर।** शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के लिए 10 दिवसीय संकाय संवर्धन कार्यक्रम शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय किला भवन इंदौर में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम विगत 15 जनवरी से 27 जनवरी तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संकाय सदस्यों के शैक्षणिक, तकनीकी, शोधात्मक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कौशलों को सशक्त बनाना है। शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. बी. डी. श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से आए अनुभवी शिक्षाविदों, विषय विशेषज्ञों एवं प्रशिक्षकों ने अपने विचार साझा किए। उनके व्यावहारिक अनुभव एवं उदाहरणों से प्रतिभागियों को नई दृष्टि एवं प्रेरणा प्राप्त हुई। कार्यक्रम का समापन सत्र अत्यंत सार्थक एवं प्रेरणादायक रहा। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया।

### सिंहस्थ को लेकर उद्यानिकी विभाग की तैयारी; 30 जनवरी को भोपाल में फ्लॉवर एग्जीबिशन

# उज्जैन में 100 एकड़ में बनेगा फूलों का मेगा क्लस्टर

### महाकालेश्वर सहित आसपास से आती है फूलों की डिमांड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने उज्जैन में 100 एकड़ जमीन पर फूलों का विशेष उत्पादन क्लस्टर विकसित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर यह क्लस्टर धार्मिक नगरी उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों में फूलों की बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ-साथ किसानों को स्थायी आय का साधन देगा।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने बताया कि उज्जैन, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर साल भर फूलों की बड़ी मांग रहती है। इसी को देखते हुए सरकार ने उज्जैन के आसपास व्यावसायिक पुष्प उत्पादन क्लस्टर विकसित करने की कार्य योजना बनाई है।



#### प्रशिक्षण से लेकर बाजार तक मिलेगा सहयोग

■ उन्नत किस्मों के पौधों की उपलब्धता ■ आधुनिक खेती तकनीकों का प्रशिक्षण ■ कोल्ड स्टोरेज और भंडारण सुविधाएं ■ मंडी और बाजार से सीधा जुड़ाव ■ पुष्प प्रसंस्करण इकाइयों से कनेक्शन

#### सिंहस्थ 2028 को अवसर के रूप में देख रहा है विभाग



मंत्री कुशवाह ने कहा कि सिंहस्थ मेले के दौरान करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन पहुंचते हैं और पूजा-अर्चना के लिए फूलों की मांग कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में बाहर से फूल मंगाने की बजाय स्थानीय किसानों द्वारा उत्पादित फूलों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे परिवहन लागत घटेगी और किसानों को बेहतर दाम मिलेंगे। क्लस्टर के माध्यम से उज्जैन और आसपास के किसानों को गुलाब, गेंदा, जरबेरा, रजनीगंधा, सेवंती, ग्लेडियोलस जैसे अधिक मांग वाले फूलों की वैज्ञानिक और व्यावसायिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पुष्प उत्पादन को केवल पारंपरिक खेती न मानते हुए कृषि-उद्यम के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

#### प्रदेश को पुष्प उत्पादन में अग्रणी बनाने की योजना

मंत्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश पहले से ही पुष्प उत्पादन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उज्जैन में 100 एकड़ का यह क्लस्टर राज्य को पुष्प उत्पादन के क्षेत्र में नंबर-वन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

### 500 से अधिक रिक्त पदों पर की जाएगी भर्ती

**इंदौर।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार इन्दौर जिले में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आगामी 02 फरवरी को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक सम्पन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य एक ही छत के नीचे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है। जिला रोजगार कार्यालय के उपसंचालक ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां मेडप्लस, एसके-1 रिसोर्सेस आदि के 500 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन के लिए शामिल होंगी।

## सिंहस्थ 2028- मेला अधिकारी ने समीक्षा बैठक

### श्री सिंह ने सिंहस्थ के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में मंगलवार को सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सिंहस्थ 2028 के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में श्री सिंह ने सिंहस्थ निर्माण कार्यो को करने वाली सभी एजेंसियों को कार्य की गति बढ़ाने और समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने विभागवार निर्माणरत कार्यों की समीक्षा की। जानकारी दी गई कि कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना के अंतर्गत कार्य छह फेस में प्रगतिरत हैं। पाईप लाइन बिछाने का कार्य प्रगतिरत है। कार्य के दौरान कहीं कोई परेशानी नहीं है।

इसी तरह सिहंस्थ के लिए तैयार किए जा रहे नवीन घाट निर्माण की प्रगति की जानकारी लेने पर बताया गया कि वर्तमान में तेज गति से घाट निर्माण का कार्य प्रगति पर है। बैठक में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि घाट निर्माण के दौरान जहां रिटेनिंग वॉल बनाई जाना है, वहां निर्धारित मापदंड अनुसार वॉल तैयार की जाए। बैठक में बताया गया कि शनि मंदिर पर आदर्श घाट निर्माण के दौरान घाट पर रैलिंग कार्य के साथ करीब 20 मीटर में पत्थर लगाने का कार्य प्रस्तावित है।

मेला अधिकारी श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए की आदर्श घाट निर्माण समय सीमा में पूर्ण किया जाए। बैठक के दौरान एमपीईबी के माध्यम से होने वाले कार्यों को लेकर बताया गया कि वाल्मीकिधाम में 32 केवी लाईन का कार्य प्रारंभ हो गया है। नानाखेड़ा और चारधाम के समीप कार्य प्रारंभ किया गया है। चिंतामन सब स्टेशन का कार्य प्रारंभ हो गया है।




#### कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए

बैठक में पर्यटन विभाग के द्वारा वीर दुगार्दास की छत्री पर चल रहे रेनोवेशन कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने नगर सौंदर्यीकरण कार्य की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि एक विस्तृत प्लान तैयार कर कार्य किया जाए। शहर के प्रमुख चौराहों को चिन्हित कर सौंदर्यीकरण के कार्य की रूपरेखा बनाई जाए। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ श्री श्रेयांस कूमट, संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तर पर संयुक्त बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया।

बैठक में जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग बृजेश त्रिपाठी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संगीता पलसानिया, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनीता परमार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजुषा पिप्पल, समस्त खण्ड चिकित्साधिकारी, समस्त परियोजना अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री मनीष भद्रावले, जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर श्री अनस कुरेशी, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री दिलीप वसुनिया, श्रीमती विनीशा सोलंकी डी.ई.आई.एम., समस्त बी.पी.एम., बी.सी.एम., पी.एच.एम. सहित विभिन्न अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।बैठक में डॉ. पलसानिया ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत ए.एन.सी. पंजीयन सुनिश्चित करें। दोनों विभागों का मैदानी अमला ये सुनिश्चित करें कि प्रसूति की संभावित दिनांक के पूर्व ही गर्भवती महिला को क्षेत्र की शासकीय संस्था में भर्ती करवाकर संस्थागत प्रसव करवाए एवं डिलेवरी अपडेशन भी शत प्रतिशत करें। जिले में प्रोजेक्ट संवर्धन का भी बेहतर क्रियान्वयन कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के निर्देश दिए गए।

## स्वच्छ जल अभियान अंतर्गत जल सुनवाई का आयोजन




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

निदेर्शानुसार स्वच्छ जल अभियान अंतर्गत जिले में नगर निगम द्वारा 5 स्थानों पर जल सुनवाई का आयोजन मंगलवार को किया गया। जल सुनवाई में कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें मुख्य रूप से अतिक्रमण से संबंधित , नल कनेक्शन से संबंधित तथा कम प्रेशर से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। शिकायतों का त्वरित निराकरण के निर्देश देकर शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया गया।

### शंकराचार्य से कथित दुर्व्यवहार के विरोध में किया प्रदर्शन

## रामघाट पर संतों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रयागराज माघ मेला के दौरान ज्योतिष पीठ जोशीमठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के साथ माघ मेला प्रशासन एवं पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए कथित दुर्व्यवहार और दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में उज्जैन के रामघाट पर सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। यह सद्बुद्धि यज्ञ मंगलवार सुबह रामघाट पर संपन्न हुआ, जिसमें संत समाज, ब्राह्मण समाज, तीर्थ पुरोहित, पुजारीगण एवं सनातन धर्मावलंबियों की उपस्थिति रही।



धर्मावलंबियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यज्ञ का उद्देश्य माघ मेला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को सद्बुद्धि प्रदान करना तथा सनातन परंपराओं, शंकराचार्य जी, उनके सनातनी शिष्यों एवं विप्र ब्राह्मण समाज के सम्मान की रक्षा का संदेश देना था। सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन निरमोहिया अखाड़ा के महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज (दादूराम आश्रम) एवं दंत सन्यासी उपनिषद आश्रम के संस्थापक वितरागानंद सरस्वती महाराज के सान्निध्य में किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थित संतों एवं समाजजनों ने एक स्वर में शंकराचार्यजी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए प्रशासन से भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने की मांग की।

पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि सनातन धर्म में चादर ओढ़ाने की कोई परंपरा नहीं है। चादर चढ़ाने की परंपरा मुस्लिम समाज की धार्मिक प्रथा से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य की स्थापना, पदवी और पद स्वयं सिद्ध हैं, जैसे देश के 12 ज्योतिर्लिंग स्वयंभू माने जाते हैं, उसी प्रकार शंकराचार्य पद भी स्वयं प्रतिष्ठित है। राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि जब भारत में सनातन धर्म को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया, तब भगवान शंकर के अंश रूप में आदि शंकराचार्य का प्रादुर्भाव हुआ और उन्होंने सनातन धर्म की रक्षा के लिए पूरे भारत का भ्रमण किया। जहां शास्त्रों से विरोधियों को परास्त किया जा सकता था।

### मन की बात में गूंजा महाकाल का मिलेट्स प्रसाद

# पीएम मोदी ने की रागी के लड्डू की जमकर तारीफ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में महाकाल के मिलेट्स प्रसाद का जिक्र भी हुआ। उन्होंने मोटे अनाज की खेती करने करने वाले किसानों का जिक्र करते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर से बिक रहे लड्डूओं की बात की। पीएम ने कहा कि मुझे खुशी है कि देश के कई मंदिरों में मिलेट्स को प्रसाद के रूप में अपनाया जा रहा है। इसके लिए मैं उन सभी मंदिरों के व्यवस्थापकों की सराहना करता हूं।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में रागी (श्री अन्न) के लड्डू प्रसाद की शुरूआत तीन महीने पहले की थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और प्रशासक प्रथम कौशिक ने राजस्थान से स्पेशल रसोइए बुलाकर रागी के लड्डू बनाने का काम शुरू किया था। इससे पहले मंदिर में बेसन के लड्डू प्रसाद के तौर पर विक्रय किए जाते थे। करीब तीन महीने पहले शुरू की गई इस पहल को श्रद्धालुओं ने हाथों हाथ लिया है। इस अवधि में 330 क्विंटल लड्डू प्रसाद भक्त अपने साथ ले गए हैं। इससे मंदिर प्रबंध समिति को एक करोड़ 50 लाख रुपए की आय हुई है।

#### मिलेट्स प्रोडेक्ट की तारीफ

शरीर को स्वस्थ और हष्ट-पुष्ट रहने के लिए योग और मिलेट्स एक समान माना जाता है। जिस तरह से मिलेट्स शरीर की सेहत से जुड़ा है उसी तरह से योग स्वास्थ्य से जुड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मिलेट्स प्रोडेक्ट की कई बार तारीफ की है। इसके पहले वे साल 2023 में पहली बार मन की बात करते हुए पीएम मोदी ने मिलेट्स आहार का जिक्र करते हुए तारीफ की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात में मिलेट्स आहार का जिक्र करते हुए उसके फायदे गिनाए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि जिस तरह लोगों ने व्यापक स्तर पर सक्रिय भागीदारी करके योग और फिटनेस को अपने जीवन का हिस्सा बनाया है उसी तरह मिलेट्स प्रोडेक्ट को भी लोग बड़े पैमाने पर अपना रहे हैं।




#### महाकाल मंदिर की जमकर सराहना की

'मन की बात' कार्यक्रम मे पीएम मोदी ने कहा कि बाजरे से लड्डू तैयार किया जाता है। इसकी बाजार में बड़ी मांग है। इतना ही नहीं, मुझे तो ये जानकर खुशी होती है कि आजकल कई मंदिर ऐसे हैं, जो अपने प्रसाद में मिलेट्स का उपयोग करते हैं। मैं इस पहल के लिए उन मंदिर के सभी व्यवस्थापकों का हृदय से अभिनंदन करता हूं।

**इस लड्डू के यह है फायदे-** रागी में कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है। इससे आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया को रोकने में मदद मिलती है। रागी के लड्डू ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में सहायक हो सकते हैं। इनमें मौजूद विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और एजिंग के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं।

### कई मामलों में जांच कर कार्यवाही के दिए निर्देश

## सीईओ जिला पंचायत द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन


मंगलवार को सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट द्वारा प्रशासनिक संकुल भवन में जनसुनवाई की गई और प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। तराना निवासी कमल पिता रतनलाल ने आवेदन दिया कि गांव में उनके पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति द्वारा उनके घर के पास सीवर लाइन का पानी छोड़ा जा रहा है।

जिस वजह से उन्हे बहुत परेशानी हो रही है। इस वजह से आसपास के लोगों और रास्ते से निकलने वाले राहगीरों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर सीईओ जनपद पंचायत तराना को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इंदौर निवासी अवधेश कुमार ने आवेदन दिया कि उनके द्वारा उज्जैन की एक हाउसिंग सोसाइटी से एक भूखण्ड क्रय किया गया था।

उनके द्वारा बार-बार आवेदन करने के बाद भी संस्था द्वारा भूखण्ड का विक्रय पत्र संपादित नही किया जा रहा है। उन्हें भूखण्ड क्रय किए काफी वर्ष बीत चुके है लेकिन भूखण्ड का विक्रय पत्र सम्पादन ना होने के कारण वे उस पर निर्माण नही कर पा रहे है और न ही किसी अन्य को विक्रय कर पा रहे है। इस पर डीसीडीआरसीएस को मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उज्जैन निवासी शाहिदा ने आवेदन दिया कि उनके स्वामित्व के भूखण्ड पर एक व्यक्ति द्वारा अवैधानिक रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है तथा बल पूर्वक सम्पत्ति को उसके नाम पर करने का दबाव बनाया जा रहा है। इस पर पुलिस अधीक्षक को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

महिदपुर के खेड़ा खजुरिया निवासी श्रीपाल सिंह पवार ने आवेदन दिया कि गांव में आंगनवाड़ी के पास स्थित शासकीय भूमि पर एक व्यक्ति के द्वारा अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया गया है तथा वहां पर टीनशेड का निर्माण कर लिया गया है।

# आत्म-छल से बचिए



क्या यह छानबीन करना महत्वपूर्ण नहीं है कि आप और मैं एक ऐसी दुनिया में, जहां मैं और आप कुछ भी नहीं हैं, सहयोग कर सकते हैं, संवाद में हो सकते हैं, एक साथ रह सकते हैं? क्या हम औपचारिक रूप से नहीं, बल्कि सही मायने में वास्तविक सहयोग कर सकते हैं? यह हमारी जटिलतम समस्याओं में से एक है, संभवतः सर्वाधिक जटिल। मैं किसी लक्ष्य के साथ अपना तादात्म्य कर लेता हूं और आप भी उसी लक्ष्य के साथ अपना तादात्म्य कर लेते हैं, हम दोनों उसमें दिलचस्पी लेने लगते हैं, हम दोनों उसे पा लेना चाहते हैं। सोचने की यह प्रक्रिया अत्यंत सतही हैं, क्योंकि तादात्म्य द्वारा, जुड़ाव द्वारा हम अलगाव ही लाते हैं और हमारे जीवन में यह कितना साफ दिखाई देता है। आप हिंदू हैं, मैं कैथोलिक। हम दोनों भाईचारे का उपदेश देते हैं और एक-दूसरे की गर्दन पर सवार रहते हैं। ऐसा क्यों है? क्या यह हमारी समस्याओं में से एक नहीं है? अचेतन रूप से अपने मन की गहराइयों में आपके अपने विश्वास हैं और मेरे अपने। भाईचारे की बात करने से आस्थाओं, धारणाओं की सारी समस्या हल नहीं होती, बल्कि हम सिर्फ सैद्धांतिक व बौद्धिक रूप से सहमत हो जाते हैं कि ऐसा होना चाहिए, पर भीतर कहीं गहरे में हम एक-दूसरे के विरोधी बने रहते हैं। जब तक हम इन अवरोधों को, जो आत्म-छल हैं और हमें एक तरह की जिंदादिली का एहसास कराते हैं, विसर्जित नहीं कर देते, तब तक आपके और मेरे बीच सच्चा सहयोग संभव नहीं है। हम किसी समूह, विचार, राष्ट्र विशेष के साथ अपना तादात्म्य करके सहयोग कभी नहीं ला सकते। विश्वास सहयोग का आधार नहीं हो सकता, बल्कि वह तो विभाजित करता है। हम देखते ही हैं कि कैसे एक राजनीतिक दल दूसरे के विरोध में होता है। उनमें से हर एक आर्थिक समस्याओं को हल करने के अपने खास तरीके में यकीन रखता है, और इस तरह वे सब एक-दूसरे की काट में लगे रहते हैं। वे भूख की समस्या के समाधान के लिए कृतसंकल्प नहीं हैं। वे उन सिद्धांतों में उलझे हैं, जिनके जरिये उसका समाधान होगा। इन दोनों के बीच कलह होना तय है, क्योंकि उनका सरोकार किसी धारणा से है, न कि उस समस्या से।



सम्पादकीय

## शिमला का जाम

संस्कृत से लेकर तमाम समकालीन भारतीय भाषाओं में ऐसी लोकोक्तियां हैं कि पर्यटन करने से आदमी के ज्ञानचक्षु खुलते हैं, उसकी समझ का दायरा बड़ा होता है। ऐसा लगता है, हम हिन्दुस्तानी आजकल ऐसी सारी लोकोक्तियों को झुठलाने पर तुले हैं। हमारे देश में लगातार पर्यटन का विस्तार हो रहा है, पर समझ बढ़ती हुई नजर नहीं आ रही। पिछले कुछ दिनों से मनाली में अभूतपूर्व जाम लगा है और बाकी पर्यटन स्थलों की हालत भी बहुत बुरी है। मनाली में भारी बर्फबारी हुई है, तो स्वाभाविक ही था कि वहां पहुंचना मुश्किल हो जाए। ऐसे में, हजारों लोग अपने-अपने वाहन लेकर बर्फबारी देखने पहुंच गए और कुछ घंटों का नहीं, दिनों का जाम लग गया। जो लोग बर्फ में सड़क पर अपनी गाड़ियों में बंद पड़े हुए हैं, उनकी तकलीफों से सहानुभूति होनी चाहिए, लेकिन सवाल यह भी है कि क्या पर्यटन स्थलों पर ऐसी भगदड़ मचाना कोई समझदारी का काम है?

हमारे ज्यादातर पहाड़ी पर्यटन स्थल अंग्रेजी राज में विकसित हुए कस्बे हैं, जब देश की जनसंख्या आज से चौथाई थी। पहाड़ों में सड़कों की चौड़ाई की सीमा होती है और कस्बों या शहरों के विस्तार की भी। अब पर्यटन के व्यावसायिक दबाव में सड़कें खतरनाक ढंग से चौड़ी की जा रही हैं, जिनसे भूस्खलन हो रहे हैं। खूबसूरत कस्बों और छोटे शहरों में महानगरों की तरह बहुमंजिला इमारतें बनाई जा रही हैं, जिनसे उनका चरित्र ही नष्ट हो गया है। उनमें स्थानीय वास्तुशिल्प नहीं मिलता। इसके बावजूद हरेक पर्यटन स्थल में घुसने के पहले ही जाम का सामना करना पड़ता है। मनाली का जाम कुछ असाधारण है, लेकिन देश के हरेक पर्यटन स्थल पर कुछ न कुछ जाम होना जैसे अनिवार्य हो गया है। पर्यटन का प्रमुख उद्देश्य रोजमर्रा की भागदौड़ से निकलकर प्रकृति के सान्निध्य में शांति और राहत के कुछ क्षण बिताना होता है। ऐसा लगता है, हमारे यहां पर्यटन एक भागदौड़ और आपाधापी से निकलकर उससे भी बड़ी आपाधापी में शामिल होने की प्रक्रिया है। समस्या यह भी है कि हमारे पर्यटक भी इससे विचलित नहीं होते, बल्कि वे पर्यटन स्थलों पर जाकर शोर और गंदगी में इजाफा करते चलते हैं। आम भारतीय पर्यटक के व्यवहार में स्थानीय पर्यावरण और संस्कृति के प्रति संवेदनशीलता वैसी नहीं है, जैसी कि अपेक्षा की जाती है। हमने पर्यटन को तो जोर-शोर से अपना लिया है, लेकिन पर्यटन की संस्कृति नहीं सीखी है। इसलिए हम न सिर्फ अपने पर्यटन स्थलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं,

राजनीति की शतरंज

# बीएमसी में मेयर पद के लिए बिछी बिसात



डॉ. हरिकृष्ण बडोदिया
(दैनिक अवन्तिका)

इसमें कोई शक नहीं कि महाराष्ट्र के नगरीय निकायों और बीएमसी के चुनाव परिणामों ने विपक्ष के मुंह पर चुनावी प्रक्रिया में धांधली के फेक नेरेटिव गढ़ने के मंसूबों पर ताला लगा दिया। जैसे परिणाम आए हैं वह स्पष्ट करते हैं कि भारत की चुनाव प्रक्रिया न केवल पारदर्शी है बल्कि अधिक विश्वसनीय और निष्पक्ष है लेकिन विपक्ष लाभ हानि के आधार पर आम लोगों को भ्रम में डालने का काम करता है। जब उसे जीत मिलती है तो उसका मुंह बंद रहता है और जब हार मिलती है तो वह सरकार और चुनाव आयोग पर कीचड़ उछालने लगता है। महाराष्ट्र के अभी हाल ही में हुए बीएमसी चुनाव में जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ रही थी वैसे-वैसे विपक्ष द्वारा यह बोला जाने लगा कि आयोग द्वारा लगाई जा रही अमिट स्याही नेल पॉलिश रिमूवर से मिटाई जा सकती है। यही नहीं उद्धव ठाकरे के खास संजय राउत ने तो यहां तक कहा कि ईवीएम मशीन में मतदाता उद्धव ठाकरे वाली पार्टी या शरद पवार वाली पार्टी का बटन दबा रहे हैं तो लाइट कमल वाली बटन की जल रही है। लेकिन जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ी और विपक्ष की स्थिति में सुधार हुआ तो उंगली पर स्याही मिटाने के नरेटिव और ईवीएम मशीन में गड़बड़ी वाला नरेटिव स्वतः ही विलुप्त होता चला गया। स्पष्ट है कि यदि इस चुनाव में भाजपा को अकेले ही स्पष्ट बहुमत मिल जाता तो विपक्ष की हाय तौबा और विधवा विलाप शुरू हो गया होता। इन दोनों फेक नेरेटिव का अवसान अंतिम परिणाम की घोषणा के साथ ही हुआ। परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया कि बीएमसी में महायुति (भाजपा और एकनाथ शिंदे की पार्टी) को कुल मिलाकर मात्र 118 सीटें प्राप्त हुईं जो 227 वाली कार्पोरेशन में बहुमत की 114 सीटों से मात्र चार अधिक हैं। यदि थोड़ा बहुत उलट फेर हो जाता तो महायुति बहुमत से पिछड़ सकती थी। अगर बीएमसी चुनाव के परिणामों को देखें तो भाजपा को 89, शिवसेना शिंदे को 29, शिवसेना उद्धव को 65, कांग्रेस को 24 एआईएमआईएम को 8, मनसे को 6, एनसीपी को तीन, सपा को दो और एनसीपी शरद पवार को एक सीट में सफलता मिली है। इन परिणामों से उद्धव ठाकरे की शिवसेना यद्यपि कॉर्पोरेशन में 25 साल के अपने वर्चस्व को कायम नहीं रख पाई किंतु वह मुंबई में शिंदे शिवसेना से आज भी ज्यादा प्रभावी और शक्तिशाली है यह स्पष्ट हो गया। उद्धव को मिली 65 सीटों ने निश्चित ही पार्टी को जीवंत और प्रासंगिक बनाए रखने में मदद की है। यही नहीं इन परिणामों से यह भी सिद्ध हो गया कि मुंबई की जनता बाला साहब ठाकरे के उत्तराधिकारी उद्धव ठाकरे को अप्रासंगिक नहीं मानती। जनता के मन में उद्धव ठाकरे के प्रति आज भी सम्मान बरकरार है। मुंबई के मराठी बहुल क्षेत्र में बालासाहेब ठाकरे के प्रति असीम श्रद्धा है। यदि चुनावों के पहले उत्तर भारतीयों और हिंदी भाषी गैर मराठियों के प्रति नफरत तथा मारपीट की घटनाएं न की गई होती तो उद्धव शिवसेना के परिणाम संभवत और अच्छे हो सकते थे। जो भी हो आज की स्थिति में भले ही उद्धव की पार्टी दूसरे नंबर पर है लेकिन बीएमसी की सत्ता से दूर होते हुए भी शक्तिशाली और मराठी मानुष की पसंद है। यदि ऐसा नहीं होता तो एकनाथ शिंदे जो खुद मराठी मानुष हैं उद्धव की शिवसेना से इतना पिछड़ती नहीं कि मात्र 29 सीटों पर संतोष करना पड़ा। इसमें कोई शक नहीं कि यह भाजपा की ही उदारता है कि उसने एकनाथ शिंदे जो ठाने की पॉलिटिक्स तक ही सीमित थे उन्हें मुंबई में महत्वपूर्ण और प्रसांगिक पॉलिटिशियन बना दिया जिसका परिणाम ही है कि वे अपने 29 पार्षदों को जिताने में कामयाब हुए। लेकिन मीडिया रिपोर्टों की माने तो एकनाथ शिंदे के तेवर बदले हुए हैं जो उनकी परिणामों के बाद की गतिविधियों से उजागर हो रहा है। शिंदे ने अपने नवनिर्वाचित 29 पार्षदों को एक फाइव स्टार होटल में बीएमसी कार्यप्रणाली के प्रशिक्षण के नाम पर इसलिए रख रखा है कि वे भाजपा से बारगेनिंग कर सकें। इन पार्षदों के आधार पर शिंदे किंग मेकर की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। शिंदे का मानना है कि मुंबई के मेयर का कार्यकाल ढाई साल भाजपा के पास हो और ढाई साल शिवसेना शिंदे को मिले। वास्तव में एकनाथ शिंदे उसी राह पर चलते दिखाई दे रहे हैं जिस राह पर 2019 में उद्धव ठाकरे चले थे। तब भाजपा से नाता तोड़कर उद्धव, कांग्रेस और एनसीपी से गठजोड़ कर मुख्यमंत्री तो बन गए लेकिन उन्होंने एक वास्तविक सहयोगी भाजपा को खो दिया। कालांतर में एकनाथ शिंदे की बगावत से उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी भी गंवाना पड़ी। एकनाथ शिंदे को भाजपा ने पुरस्कृत कर महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना दिया और विधान सभा में सदस्यों की अधिक संख्या होने के बावजूद देवेंद्र फडणवीस उप मुख्यमंत्री बने। 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद दोबारा भाजपा और शिंदे शिवसेना को बहुमत मिला और तब भी शिंदे कम विधायको की संख्या के बाबजूद मुख्यमंत्री ही बनना चाहते थे लेकिन ऐसा हो ना सका और उन्हें उपमुख्यमंत्री के पद से संतोष करना पड़ा। यही नहीं शिंदे गृह मंत्रालय भी चाहते थे किंतु वह उन्हें नहीं मिला इस बात की पीड़ा तत्समय से आज तक उनके हावभाव और चेहरे से साफ झलकती है। जो भी हो आखिर सरकार बनी और शिंदे भारी मन से भाजपा के अनुरूप चलने को बाध्य हुए। मुंबई देश की जहां एक ओर आर्थिक राजधानी है वहीं बीएमसी अर्थात बृहन्मुंबई महानगर पालिका देश का सबसे बड़ा स्थानीय स्वशासन है जिसका वार्षिक बजट 75000 करोड़ का है जो देश के कई राज्यों से बहुत अधिक है। स्वाभाविक है ऐसे निगम पर शासन करने का हर एक दल लालायित होता है। ऐसा लगता है कि एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र राज्य सरकार में अपने मन माफिक पद और पोर्टफोलियो ना पाने की क्षति पूर्ति बीएमसी में मेयर का पद और स्टैंडिंग कमेटी का अध्यक्ष का पद पाकर करना चाहते हैं। इसी कारण शायद उन्होंने अपने 29 नगर सेवकों को होटल में टिकाकर अपने ही गठबन्धन साथी भाजपा को संकेत दिए हैं कि उनके पास 29 पार्षद हैं यदि उनकी बात नहीं मानी गई तो बगावत कर सकते हैं। लेकिन यह आसान नहीं है। क्योंकि शिंदे के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं है। यदि उद्धव सेना को सत्ता में भागीदारी करना भी हो तो वह शिंदे शिवसेना को पीछे धकेल कर भाजपा का समर्थन करना ज्यादा मुनासिब समझेगी। ऐसी स्थिति में निश्चित ही शिंदे भले ही कुछ कर लें उनके मन की होगी इसकी संभावना बिल्कुल नहीं है।

## लाचारी का लाइव टेलीकास्ट

'सूखा-पुर' गाँव की जमीन में उतनी दरारें नहीं थीं जितनी कि वहाँ के बाशिंदों के नसीब में थीं, लेकिन इस लाचारी का 'ग्लोबल' विज्ञापन करने के लिए सेठ गिरधारी लाल ने इसे एक 'टूरिस्ट डेस्टिनेशन' में बदल दिया था। गाँव के नुक्कड़ पर, जहाँ धूल भी अपनी बदकिस्मती पर रोती थी, आज एक शानदार मंच सजा था क्योंकि शहर के कुछ 'सफेदपोश मसीहा' गरीबी का लाइव साक्षात्कार करने आए थे। सेठ गिरधारी लाल ने रेशमी रुमाल से अपनी मखमली गर्दन पोंछी और कैमरा क्रू को हिदायत दी, देखो भाई, फ्रेम ऐसा लेना कि इनकी पसलियां साफ-साफ दिखाई दें, वरना डोनेशन देने वालों को ये 'यथार्थ' नहीं लगेगा। तभी वहां ताऊ 'ताड़ी' अपनी फटी हुई बंडी और हुक्के के साथ प्रकट हुए। ताऊ ने आते ही मंच पर बिछी कालीन की ओर इशारा करते हुए हरियाणवी में लट्ठ मारा, ₹अरे गिरधारी! यो के ड्रामा मांड राख्या है? तू इन नंग-धड़ंग बालकों ने 'मॉडल' बनाकर अपनी कोठी की नई मंजिल डलवावेगा के? भाई, लाचारी तो मने तेरी लग रही है, जो दूसरे के खाली पेट की फोटो बेच के अपना पेट पाल रहा है। यो गरीबी का उत्सव है या उन लोगों की तेरहवीं, जो अभी मरे भी नहीं? गिरधारी लाल ने चश्मा ठीक किया और बोले, ताऊ, ये 'अवेयरनेस' है। दुनिया को पता चलना चाहिए कि अभाव में भी कितनी चमक होती है। हम तो बस इस 'सड़ांध' को 'सुगंध' बनाकर मार्केट में बेच रहे हैं।

तभी वहां फकीरा राम का आगमन हुआ, जिसकी हड्डियां इतनी अनुभवी थीं कि वे मौसम विभाग से पहले ही बता देती थीं कि आज रात चूल्हा नहीं जलेगा। फकीरा राम को इस 'गरीबी मेले' का मुख्य आकर्षण बनाया गया था क्योंकि वह पिछले तीन दिनों से 'सफलतापूर्वक' भूखा था। फकीरा के गले में एक तख्ती लटकी थी जिस पर लिखा था– 'शुद्ध देसी दरिद्रता'। सेठ गिरधारी लाल ने फकीरा को मंच पर खड़ा किया और माइक थामते हुए बोले, ₹भाइयों, देखिए इस बेबसी को! ये है असली इंडिया! जहाँ भूख सिर्फ एक पेट की जरूरत नहीं, बल्कि एक 'कला' है।₹ ताऊ ताड़ी ने हुक्के का कश खींचते हुए बगल वाले से कहा, ₹सुण भाई, यो फकीरा तो कति 'ऑस्कर' जीतण की तैयारी में है। पर यो गिरधारी बड़ा शातिर है, इसने फकीरा की भूख का भी 'बौद्धिक संपदा अधिकार' ले रखा होगा। अरे मास्टर, तू जो इसे 'बेबसी' कह रहा है, वो असल में तेरी अपनी नियत का दिवालियापन है।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 29 जनवरी 2026 गुरूवार
सूर्योदय - 07:12 सूर्यास्त 18:08
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - एकादशी 13:57 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - रोहिणी 07:32 उपरांत मृगशिरा 05:29 उपरांत आर्द्रा
योग - ऐन्द्र 20:27 उपरांत वैधृति
करण - विष्टि
चन्द्रमा - वृषभ में है। 18:30 पर मिथुन में प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 09 तारिख

**मेष-** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी। लाभ होगा। मान-प्रतिष्ठा में कमी आएगी।

**वृषभ-** कामकाज में बाधाएं आ सकती हैं। कर्मचारियों पर व्यर्थ संदेह न करें। आर्थिक लाभ मिलने से एक्स्ट्रा खर्च उठा पाएंगे।

**मिथुन-** गीत-संगीत में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पुराना रोग उभर सकता है। शोक समाचार मिल सकता है।

**कर्क-** भागदौड़ रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अधूरे कामों में गति आएगी। व्यावसायिक गोपनीयता भंग न करें।

**सिंह-** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान बढ़ेगा। स्वजनों से मेल-मिलाप होगा।

**कन्या-** नौकरी में ऐच्छिक पदोन्नति की संभावना है। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। किसी की आलोचना न करें।

**तुला-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। राजकीय कार्य में परिवर्तन के योग बनेंगे।

**वृश्चिक-** आपके कामों की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा। नई कार्ययोजना के योग प्रबल हैं। ऐश्वर्य पर व्यय होगा।

**धनु-** व्यापार-व्यवसाय सामान्य रहेगा। दूरदर्शिता एवं बुद्धि चातुर्य से कठिनाइयां दूर होंगी।

**मकर-** राज्य तथा व्यवसाय में सफलता मिलने के योग हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**कुंभ-** चोट व दुर्घटना से बचें। वस्तुएं संभालकर रखें। बाकी सामान्य रहेगा। आलस्य का परित्याग करें।

**मीन-** परिवार के सहयोग से दिन उत्साहपूर्ण व्यतीत होगा। योजनानुसार कार्य करने से लाभ की संभावना है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

समसामयिक

## पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश पर भी कड़े प्रतिबंध लगाए जाएं – भारत




अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद यूनुस जब से अंतरिम सरकार के प्रमुख बने हैं, तब से वहां की हुकूमत कट्टरपंथियों के हाथों की कठपुतली बनती नजर आ रही है । आज बांग्लादेश, पाकिस्तान की तर्ज पर भारत-विरोधी और हिन्दू-विरोधी एजेंडे पर चलते हुए धीरे-धीरे दूसरा पाकिस्तान बनता जा रहा है । यह कहना अब अतिशयोक्ति नहीं होगी कि यूनुस के कार्यकाल में बांग्लादेश में भारत और हिन्दू विरोधी गतिविधियां जिस तेजी से बढ़ी हैं, उसने वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को गंभीर संकट में डाल दिया है । आए दिन हिन्दुओं की हत्याएँ, उनके घर-व्यवसायों पर हमले और बहन-बेटियों की अस्मिता से खिलवाड़ की घटनाएं सामने आ रही हैं। ऐसे में भारत सरकार को न केवल सीमाओं पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है, बल्कि बांग्लादेश के साथ सभी प्रकार के संबंधों पर नए सिरे से विचार करना भी जरूरी हो गया है । बांग्लादेश में भारत हिन्दू विरोधी परिस्थितियों के बावजूद घरेलू इंडियन प्रीमियर लीग में बांग्लादेशी खिलाड़ी को केकेआर द्वारा ऊँची राशि पर खरीदा जाना भारतीय जनमानस को आहत करने वाला रहा । देश में आम भावना यही थी कि जिस देश में हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहे हों और जो भारत-विरोधी रुख अपनाए हुए हो, उसके खिलाड़ियों को भारत में खेलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए । जनदबाव को देखते हुए केकेआर ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर कर दिया । इससे बौखलाई यूनुस सरकार ने अपने क्रिकेट बोर्ड पर दबाव बनाते हुए, भारत में अगले महीने शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप में सुरक्षा का बहाना बनाकर अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया और मैच भारत से बाहर कराने की मांग रख दी । जबकि यह सर्वविदित है कि टी-20 विश्व कप का आयोजन आईसीसी द्वारा किया जाता है, न कि बीसीसीआई या भारत सरकार द्वारा । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की सख्त चेतावनी के बावजूद बांग्लादेश पाकिस्तान के बहकावे में आकर अपनी जिद पर अड़ा रहा और विश्व कप में भाग लेने से मना कर दिया ।

## राम का कोदंड

कोदंडपाणी राम का कोदंड, कोदंडस्वामी का राम कोदंड।
धनुधारी राम का कोदंड, अस्त्रधारी राम का कोदंड।
पुरी से पहुंचा अवधपुरी प्रभु राम का कोदंड।
ओडिशा ने उडेला है इसमें अपना प्यार।
दिया धनुधारी राम को कोदंड का उपहार।
स्वर्ण धनुष राम का , श्रेष्ठ धनुष राम का।
तमिलनाडु में निर्मित हुआ महाधनुष राम का।
जिसमें शक्ति है अपार जिसमें शक्ति है प्रचंड।
पुरी से पहुंचा अवधपुरी प्रभु राम का कोदंड।
ओडिशा ने उडेला है इसमें अपना प्यार।
दिया धनुधारी राम को कोदंड का उपहार।
शौर्य का प्रतीक है यह शक्ति का प्रतीक है।
यह साहस का प्रतीक है , सुरक्षा का प्रतीक है।
है यह रामलला का महाअस्त्र महादंड।
पुरी से पहुंचा अवधपुरी प्रभु राम का कोदंड।
ओडिशा ने उडेला है इसमें अपना प्यार।
दिया धनुधारी राम को कोदंड का उपहार।



सूरज उज्जैनी
(दैनिक अवन्तिका)

# सेहतमंद रहने के साथ मिलेगी खूबसूरत त्वचा, डाइट में जरूर शामिल करें ये सुपरफूड

स्किन एक्सपर्ट्स कहते हैं कि सर्दी का मौसम त्वचा के लिए कई तरह से नुकसानदायक हो सकता है। इस मौसम में शुष्क, सर्द हवा के कारण त्वचा शुष्क, परतदार और खुजलीदार हो जाती है। यही वजह है कि ठंड के महीनों में त्वचा की ज्यादा देखभाल करना और भी जरूरी हो जाता है। कई तरह के कॉस्मेटिक रूटीन को आजमाने के बावजूद, आपको त्वचा में नमी बनाए रखना मुश्किल हो सकता है। लिहाजा आप अपनी डाइट में बदलाव करके एक ग्लोइंग स्किन पा सकते हैं।

डाइट एक्सपर्ट के अनुसार, सर्दियों के महीनों में भोजन त्वचा के स्वास्थ्य को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। कुछ ऐसी चीजे हैं, जो सेहत के साथ स्किन का भी खास ख्याल रखती हैं, जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल जरूर करें, नीचे जानिए उनके बारे में स्किन के लिए फायदेमंद फूड



### 1. गुड़ का सेवन

गुड़ सेहत के साथ स्किन के लिए भी फायदेमंद है। सर्दियों में इसे शरीर में गर्मी पैदा करने के लिए भी जाना जाता है, जो पाचन को भी बेहतर रखता है। ये शरीर से टॉक्सिन्स को शरीर से बाहर कर हेल्दी स्किन देने का काम करता है।

### 2. नट्स का सेवन

आपको हर दिन मुट्ठी भर नट्स खाने चाहिए। बादाम, अखरोट, काजू और अन्य सभी में ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है, जो आपके शरीर के लिए अच्छा होता है। नट्स त्वचा पर अतिरिक्त तेल को जमा होने से रोकने में आपकी मदद करते हैं।

### 3. घी का सेवन

धी भी सेहत के साथ स्किन के लिए फायदेमंद है। आयुर्वेद के अनुसार घी आपको अंदर से गर्म रखने में मदद करता है, आप रोटी, सब्जी, दाल और चावल में एक दो चम्मच घी भी मिला सकते हैं। इससे चेहरे पर नेचुरल ग्लो आता है।

### 4. संतरे का सेवन

संतरा विटामिन सी से भरपूर होता है, जो त्वचा के लिए जादू की तरह काम कर सकता है। आप रोजाना संतरे खा सकते हैं या नियमित रूप से जूस के रूप में भी इनका सेवन कर सकते हैं। इससे चेहरे पर ग्लो वापस आता है।

### 5. हरी सब्जियां और केले का सेवन

हरी सब्जियां जैसे पालक, पत्ता गोभी, केले, मेथी (मेथी), ब्रोकली स्किन के लिए बेहद फायदेमंद होती हैं। वहीं केल को सुंदरता की रानी भी कहा जा सकता है, क्योंकि यह विटामिन सी, ए और के से भरा हुआ है, जो त्वचा के ऊतकों की मरम्मत में मदद करता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,71,200, रवा- 1,71,000 चांदी- टंच- 3,58,800 पाट- 3,57,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

धर्म-आस्था

# क्या बार-बार आने वाले सपने चेतावनी होते हैं?

सपने कभी बेवजह नहीं होते, बल्कि वो आपके अवचेतन मन या आपके कर्मों से जुड़े कोई न कोई सन्देश लेकर आते हैं। वैसे तो, हर सपना खास नहीं होता। इसलिए, लोग अक्सर उन सपनों को भूल जाते हैं लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कोई एक ही सपना बार-बार दिखता है। ऐसे में वह सपना सिर्फ सपना नहीं होता, बल्कि यह आपके लिए संदेश हो सकता है। कोई सपना बार-बार आना इस बात का संकेत भी हो सकता है कि कोई इच्छा या लक्ष्य अधूरा है, या फिर ऐसे सपने अपनी तरह के संकेत और चेतावनी लेकर आते हैं, जिन्हें समझना जरूरी है। ऐसे सपने आपके पिछले जन्मों की याद या किसी अधूरे कर्म की तरफ भी इशारा कर सकते हैं।

### बार-बार एक ही सपने देखने का कारण

बार-बार आने वाले सपनों का अपना एक अनोखा पैटर्न होता है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह कालसर्प योग का संकेत हो सकता है, जो राहु और केतु के प्रभाव से उत्पन्न होता है। इस प्रकार के सपने देखने बाद दिनभर थकान लगती है क्योंकि यह थकान असंतुलित ऊर्जा का प्रमाण होते हैं। आध्यात्मिक दृष्टिकोण के अनुसार, बार-बार आने वाले सपने आपके अवचेतन मन की दबाए गए भावनाओं, विचारों और अनुभवों को दशार्ता है। जब कोई भावना, चिंता या पुराना अनुभव पूर्ण रूप से सुलझा नहीं होता, तो वही सपना बार-बार दिखाई दे सकता है, जैसे कि ऊंचाई से गिरना, साँपों का दिखना, किसी अनजान जगह पर खो जाना, पीछा किया जाना



या परीक्षा में असफल होना। ऐसे सपने हमें बताते हैं कि जीवन में कोई स्थिति है जिसे हमने अभी तक पूरी तरह स्वीकार या हल नहीं किया है। ये सपने सीधे तौर पर सन्देश नहीं देते लेकिन आपकी असुरक्षा को दर्शाते हैं। जैसे कि, यदि आप बार-बार सपने में खुद को नीचे गिरते हुए देखते हैं, तो यह आत्मविश्वास की कमी या असुरक्षा का संकेत हो सकता है। यह दर्शाता है कि आप किसी चुनौती, जोखिम या असफलता से भय महसूस कर रहे हैं। सांप का दिखना, स्वप्न शास्त्र में कई बार छिपे खतरे या शत्रु के रूप में समझा जाता है। यदि यह सपना बार-बार आता है, तो जीवन में नुकसान, डर या अप्रत्याशित बाधाओं की चेतावनी भी हो सकती है। कई बार सपने में बार-बार रिश्तेदारों या पूर्वजों का आना अधूरी भावनाओं, रिश्तों या जिम्मेदारियों का संकेत देता है। स्वप्न शास्त्र में यह माना जाता है कि इससे यह संदेश मिलता है कि आपको अपनी भावनाओं को संभालने या किसी पुराने बंधन को पूरा करने की जरूरत है। कभी सपने में कोई पहाड़, नदी या पुरानी जगह बार-बार आती है, तो यह पूर्व जन्म का संकेत मानता है। शायद इन जगहों से आपका कोई पुराना संबंध होता है या कोई पुरानी यात्रा करना शेष रह गया होता है। इसलिए, इस प्रकार के सपने बार-बार हमें दिखाई देते हैं। इस प्रकार के सपने यह बताते हैं कि आपको आपकी भावनाओं को संतुलित करने और आध्यात्मिक यात्रा करने की आवश्यकता है। ऐसे सपने आपको आत्मनिरीक्षण के लिए प्रेरित करता है कि आप अपनी यात्रा को समझें और संतुलन बनाएं। बार-बार आने वाले सपनों को कैसे समझें और उसके लिए क्या करें? सबसे पहले तो बार-बार आने वाले सपने को संदेश के रूप में देखें, शुभ या अशुभ सपने के रूप में नहीं। यह सपने किसी धार्मिक कारण से आपको नहीं दिखते हैं, बल्कि यह आपके मन, चेतना और भावनात्मक स्थिति से जुड़ा एक संदेश है, जो आपको कुछ समझने के लिए बार-बार दिखाई देता है। सपनों को लिखने से पैटर्न समझ आता है। इसलिए, ऐसे सपनों को लिखकर और पैटर्न को समझकर, आप सपनों के पीछे छिपे संदेश को समझने की कोशिश कर सकते हैं। अगर ऐसे सपने आपको मानसिक परेशान कर रहे हैं, तो स्वप्न शास्त्र में कुछ उपाय बताए गए हैं, जैसे कि महामृत्युंजय मंत्र का जाप, प्रातः सूर्य को जल अर्पित करना, ध्यान और मंत्र की साधना। इन उपायों से अवचेतन मन शांत होता है और सपने की आवृत्ति कम हो सकती है।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## बोलासा मंडल का हिंदू सम्मेलन आयोजित

**चंदेसरा।** राम श्याम गार्डन चंदेसरा में बोलास मंडल का हिंदू सम्मेलन में ग्राम कचनारिया हरनावदा खोखरिया कासमपुर नकेवडी भंवरी देवरा खेड़ी बोलासा सेमलिया कल्याणपुर खजुरिया मताना दताना चंदेसरा चंदेसरी के ग्रामीण जनों ने 100 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि दिनेश दुबे श्रीमती सुरेखा तंवर एवं दिनेश त्रिवेदी तथा संयोजक नंदकिशोर पटेल जी चंदेसरा रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा तुलसी पूजन एवं भारत माता के चित्र का पूजन किया अतिथियों का स्वागत नरेंद्र अंजाना भारत सिंह आंजना ने किया जिसमें वक्ताओं द्वारा हिंदू धर्म के सिद्धांत जल संरक्षण एवं संस्कार विहीन शिक्षा को त्यागना स्वदेशी को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया इसी प्रकार हिंदू धर्म के मुख्य पांच बदलाव पर भी प्रकाश डाला जिसमें जीवन पद्धति कुटुंब प्रबोधन सामाजिक समरसता जाति भेद समाप्त कर हिंदू एकता को बढ़ाना स्वदेशी संस्कृति एवं त्योहार पर स्वदेशी हिंदू पहनावा एवं तिलक शिखा रखने कलवा धारण करना आदि पर जोर दिया गया तथा पर्यावरण प्रदूषण की चिंता कर प्रति व्यक्ति द्वारा वृक्ष लगाने की भी चर्चा को दशार्या गया विश्व के प्राचीन संस्कृति हिंदू धर्म जिसमें वेदों के प्रचार-प्रसार गीता का ज्ञान आदि पर चर्चा की गई। जिस पर कई कुशंकाओं ने संघ पर प्रतिबंध लगाने तथा संचालन में कई प्रकार की विपत्तियां डाली गई लेकिन त्याग तपस्या के कारण संघ जीवित है आभार श्री ओम पाटीदार बोलासा ने माना।

## प्रभारी मंत्री ने ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली

**शाजापुर।** जिले में 77वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर जिला मुख्यालय पर संपन्न हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन



सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री एवं शाजापुर जिला प्रभारी नारायन सिंह कुशवाह ने ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउण्ड में संपन्न हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री कुशवाह ने 9 बजे ध्वज फहराया. इसके साथ ही राष्ट्रगान हुआ. इसके उपरांत मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री कुशवाह ने परेड का निरीक्षण किया. मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री कुशवाह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम दिए गए संदेश का वाचन किया. संदेश वाचन के उपरांत परेड में शामिल जवानों द्वारा हर्ष फायर किया गया. इसके उपरांत परेड कमाण्डर सुबेदार सोन वर्मा के नेतृत्व में परेड ने आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन कर सलामी दी. इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट में शामिल दलों के कमाण्डर्स से परिचय प्राप्त किया. साथ ही मुख्य अतिथि ने हर्षोल्लास के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़े तथा स्वतंत्रता संग्राम तथा लोकतंत्र सैनानियों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया. इसके उपरांत विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी. विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पीटी का प्रदर्शन किया. इस मौके पर विधायक अरुण भीमावद, डॉ. रवि पाण्डे, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, आशीष नागर, उमेश टेलर सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थी।
. समारोह का संचालन ओपी विजयवर्गीय एवं श्रीमती रेखा पुरोहित ने किया।

### 77वां गणतंत्र दिवस: उत्साहपूर्वक मनाया गणतंत्र दिवस समारोह, तिरंगे को सलामी देकर शहीदो को किया याद

# देश भक्ति में डूबा अंचल, उत्साह के साथ फहराया तिरंगा

### अंचल के विभागीय कार्यालय, शैक्षणिक संस्थाओं और पंचायतों में भी हुआ झंडावंदन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के मौके पर सारंगपुर ब्लाक के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक और हाईस्कूल, हायरसेकेड्री स्कूल तथा 200 के लगभग निजी शैक्षणिक संस्थाओं एवं शासकीय एवं निजी कार्यालयो तथा सामाजिक, राजनैतिक संगठनों के कार्यालयो में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन-बान-शान के साथ फहराया गया। उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में 77 वा गणतंत्र दिवस सार्वजनिक महोत्सव के रुप में मनाया गया। सोमवार को आयोजित मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर ने ध्वज फहराया तथा नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वी टेटवाल, नपा उपाध्यक्ष निलेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा, जपं सीईओ हेमेंद्र गोविल, एसडीओ कृपाल पैरवाल, सीएमओ ज्योति सुनहरे सहित शहीद परिवारों, प्रजातंत्र सेनानी आदि अतिथि मंचासीन रहें। ध्वज फहराने के पश्चात गब्बारे गगन में छोडे गए तथा विभिन्ना विद्यालय के छात्रों द्वारा मार्चपास्ट द्वारा ध्वज को सलामी दी। मुख्य मंत्री का संदेश वाचन जनपद अध्यक्ष श्रीनागर ने किया। शहर के समस्त विद्यालय ने पीटी, मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्यकरने वालो का सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पीटी, मार्चपास्ट में भाग लेने वाले छात्रों को सम्मानित किया। प्रशिक्षक की जिम्मेदारी में भारत भैरवे रहे। कार्यक्रम का संचालन बबीता मिश्रा ने किया। आभार एसडीएम श्रीबम्होरे ने व्यक्त किया।

#### छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

मार्चपास्ट, व्यायाम प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य कार्यक्रम के दौरान हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम सेंट जार्ज कॉन्वेंट स्कूल, द्वितीय शासकीय माडल स्कूल तथा तृतीय सरस्वती शिशु मंदिर रहे। मार्च पास्ट में प्रथम सेंट जार्ज कॉन्वेंट स्कूल, द्वितीय शा.






कन्या उमावि सारंगपुर तथा तृतीय सरस्वती शिशु मंदिर। इसी तरह व्यायाम प्रदर्शन में प्रथम शासकीय माडल स्कूल, द्वितीय उत्कृष्ट विद्यालय तथा तृतीय शासकीय कन्या उमावि रहे। इन कार्यक्रमों में स्नेह बाल विका, मौलाना आजाद मेमोरियल हासें स्कूल, शास्त्री स्मृति उमावि, एसडीएम कान्वेंट स्कूल, सागर ज्ञान मंदिर ने भी भाग लिया।

#### कार्यालय प्रमुखों ने कार्यालयों में झंडा फहराया

नगर पालिका सारंगपुर में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया। न्यायालय में न्यायाधीश राहुल सिंह, एसडीएम एसडीएम कार्यालय में एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसील में तहसीलदार आकाश शर्मा, जनपद पंचायत में अध्यक्ष देवनारायण नागर, थाना परिसर में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा तथा ग्राम पंचायत सरपंच झंडा फहराया। बस स्टैंड पर व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रकाश परमार, ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मार्केटिंग सोसायटी में प्रबंधक रमेशचंद्र गुर्जर, पीडब्ल्यूडी कार्यालय में पीके शर्मा, शास्त्री स्कूल में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, माडल स्कूल में प्राचार्य बबीता मिश्रा, मास्टर माइंड स्कूल संस्थापक किशोर सिंह पाटीदार, बीईओ कार्यालय में बीईओ बीएल सूर्यवंशी एवं बीआरसी बीएल वर्मा, उपजेल सारंगपुर में जेलर विकास जैन ने झंडा फहराया। सभी जगह ग्राम पंचायत स्तर व अन्य कार्यालयो में तक झंडा फहराने के बाद राष्ट्रगान गाया गया। सभी शासकीय कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यालय प्रमुख अपने विभाग के अधिकारी, कर्मचारी कार्यालय भवन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा राष्ट्रगान का गायन किया।

#### भैंसवामाता

भैंसवामाताजी में 77 वा गणतंत्र दिवस बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत भवन पर सरपंच जानकीदेवी नागर द्वारा झंडा वंदन किया गया। तत्पश्चात हायर सेकंडरी स्कूल भैंसवा माता में सरपंच जानकी देवी कैलाश नागर ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर पटेल भागीरथ नागर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बिट्ठल नागर, उप सरपंच देवकरण पण्डाजी, प्राचार्य रमेश नागर , समाजसेवी राजेश भंडारी, प्रधान अध्यापक देवचन्द्र मालवीय सहित स्कूल के सभी शिक्षक वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे झंडा वंदन के पूर्व अतिथियों द्वारा माता सरस्वती व देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर सपूतों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। अतिथियों के स्वगत पश्चात रंगमंचीय प्रोग्राम की शुरूवात हुई जिसमें हायर सेकंडरी स्कूल, ब्रिलिएंट स्टार अकैडमी, सरस्वती शिशु मंदिर एवं वैदिक पाठशाल के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीतों के साथ भारतीय संस्कृति पर आधारित देश भक्ति गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। वही राष्ट्रवाद से ओतप्रोत आपरेशन सिंदूर पर आधारित नाटिका का मंचन भी बच्चों द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा स्वागत गीत सरस्वती वंदना के साथ वैदिक भाषा संस्कृत में भाषण प्रस्तुत किए। प्रोग्राम का सफल संचालन शिक्षक जितेंद्र यादव द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में चारो विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपनी महती भूमिका का निर्वहन किया।

#### नगर पालिका अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

सारंगपुर में भी गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। सारंगपुर में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने विधिवत तिरंगा फहराया। सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने शहरवासियों ने राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वी टेटवाल, नपा उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा, सीएमओ ज्योति सुनहरे सहित पार्षद एवं अधिकारी-कर्मचारी व अन्य अतिथि गण उपस्थित थे।

## चंदेसरा क्षेत्र के प्रमुखो ने ध्वजारोहणकर बधाई दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ चंदेसरा

गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ पर क्षेत्र के कई शासकीय अशासकीय संस्थाओं ने इसे राष्ट्रीय त्योहार के रूप में मनाया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत चंदेसरा के सरपंच पदम सिंह अंजना चंदेश्वरी में सरपंच संतोष मंडोर दत्ताना सरपंच श्रीमती संजना सुरेश वर्मा संजय वर्मा पार्षद सुगन बाबूलाल वाघेला प्राचार्य अरुण अवार्ड रामश्याम गार्डन में नंदकिशोर पटेल अब्दुल गफ्फार पटेल इंका नेता बाबू खान संतोष विश्वकर्मा रामेश्वर परमार आशिक अली मेहरबान परमार मेहरबान सिंह भाटी लक्ष्मण पांचाल ने संस्थागत ध्वजारोहण किया। इसी अवसर पर शासकीय अशासकीय शिक्षण संस्थानों में बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर राष्ट्रीय गीतों एवं व्याख्यानों पर प्रकाश डाला ग्रामीणों ने भी धार्मिक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान कर ध्वजारोहणकर मिठाइयां बांटी।

## सेवानिवृत्त सैनिकों का किया सम्मान

**शुजालपुर।** शहर के सिटी क्षेत्र में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री स्वयं शिव सेवा संस्थान के तत्वाधान में निरंतर ग्यारहवीं वर्ष में भारत माता की भव्य व दिव्य आरती व देश सेवा को समर्पित सेवानिवृत्त सैनिकों का साल श्रीफ ल के साथ सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आयोजन से संबंधित विस्तृत जानकारी व संचालन संस्थापक नरेन्द्र पुष्पद बंटी ने किया। इस अवसर पर देश के वीर शहीदों को सामूहिक नगर की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर गजेन्द्र सिंह सिसोदिया, पार्षद गिरधारी परमार, भूपेन्द्र सोनी, सुरज परमार, कमल पुष्पद, दिनेश चौधरी, शिवा जाट, अनिल बैरागी, मानसिंह परमार , भवानीशंकर पांचाल सहित बडी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी प्रदीप सिंदल पिता बाबुलाल जाति बलाई निवासी व कृषक ग्राम चितावलियाख तहसील माकडोन जिला उज्जैन (म.प्र.) ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 51/1/1/1 रकबा 0.55 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.55 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम चितावलियाख तहसील माकडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 26-01-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान**
**क्रमांक 07 ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो.नं.8719997462, 9584898788**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने एक औद्योगिक भूखण्ड/शेड स्वामी मेसर्स मालवा डाईग एंड प्रिंटिंग वर्क्स द्वारा प्रोप्रायटर जियाउर हरमान पिता मोहम्मद युनुस निवासी-उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक औद्योगिक भूखण्ड/शेड क्रमांक 75/26/एस जो कि औद्योगिक क्षेत्र, मक्सी रोड, उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 5000 वर्गफीट है, जिस पर लगभग 2500 वर्गफीट पर टीनशेड का निर्माण किया हुआ है। भूखण्ड कि लम्बाई 100 फीट एवं चौडाई 50 फीट है, जिसकी चर्तुःसीमा में पूर्व में 40 फीट रोड पश्चिम में-रेल्वे साईड उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक 75/26/आर का भाग दक्षिण में- रेल्वे क्रासिंग रोड है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया है और आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन कर लिया है तथा अब शेष राशि अदा करके रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है।

उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा। इति दिनांक-27.01.2026 उज्जैन

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या.-बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड,**
**उज्जैन मोबा. 9993079516-94250 94349**

## जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा राजेन्द्र कटियार पिता श्री बाबूलाल जी कटियार, निवासी एल.आई.जी. 2, 17 सांदीपनि नगर आगर रोड, उज्जैन की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार और उनके परिवार के द्वारा अपने पुत्र वैभव कटियार पिता राजेन्द्र कटियार एवं अपनी पुत्रवधु श्रीमती दिव्यांशी पति वैभव कटियार से अपने समस्त व्यक्तिगत एवं पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिये हैं। अपनी पुत्रवधु श्रीमती दिव्यांशी के अनुचित व्यवहार के कारण मेरे पक्षकार ने उन्हें अलग कर अपने परिवार से किसी प्रकार के संबंध व सरोकार विच्छेद कर विगत 1 वर्ष से अपने परिवार से अलग कर दिया है। 1 वर्ष से अधिक से मेरे पक्षकार के पुत्र व पुत्रवधु से कोई संबंध नहीं है। भविष्य में उनके होने वाले कार्यों के लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा भविष्य में मेरे पुत्र व पुत्रवधु के द्वारा कोई भी लेन-देन, संव्यवहार किया जाता है तो उसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। भविष्य में किसी भी कानूनी कार्यवाही के लिये मेरे पक्षकार व उसका परिवार विधिक दायित्वों के अधीन नहीं होगा क्योंकि मेरे पक्षकार ने अपने पुत्र व पुत्रवधु से समस्त सामाजिक, व्यावसायिक एवं पारिवारिक संबंध को विच्छेद कर दिया है, सर्वसाधारण को सूचित हो।

इति दिनांकः 28.01.2026

**(अरविंदसिंह सेंगर) हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय - 106, एल. आई. जी. 2 सांदीपनि नगर**
**आगर रोड उज्जैन (म.प्र.) मोबाइल : 9827540139**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी उंकारनाथ पिता श्री बापू नाथ जी, उम्र 48 वर्ष, निवासी ग्राम जिवाजीगढ, असलावदा उज्जैन म.प्र. से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 168/1 रकबा 0.840 हेक्टर में से रकबा 0.300 हेक्टर पूर्व दिशा वाली भूमि, ग्राम- खोकरी तहसील उन्हेल जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्ज व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभाव शून्य रहेगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक- 28/01/2026, उज्जैन

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-D-12 भरतपुरी**
**कॉम्पलेक्स, उज्जैन, मोबाईल**
**नम्बर- 94248 78460**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ओमप्रकाश पिता श्री शंकरलाल जाति बलाई निवासी ग्राम कायस्थखेडी तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) ने मेहरबानसिंह पिता श्री मदनलाल जाति बलाई निवासी ग्राम लिम्बापिपल्या तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 18/2/1/1/4/1/2 रकबा 0-50 हेक्टर स्थित ग्राम लिम्बापिपल्या तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को मय उसमें वैष्ठित समस्त सुखाधिकरों व मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी होकर अनुबंध-पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक :- 28/01/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने रवि कुशवाहा पिता जय सियाराम जी कुशवाह निवासी 95/3 हरीनगर गुमानदेव मंदिर के पीछे उज्जैन उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवम आधिपत्य का एक भूखंड जो की भूमि सर्वे क्रमांक 920/3,921/3,922/3, का भाग होकर मोती नगर कॉलोनी जिला उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 600 वर्ग फीट है, उज्जैन को क्रय करने का सौदा, सौदा चिट्ठी के माध्यम से तय किया गया है तथा बयाना राशि अदा कर दी गई हैं,

अतः उक्त वर्णित भूखंड किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा मियाद गुजरने के बाद मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की भी कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक- 28-01-2026 स्थान उज्जैन

**जय श्री वर्मा एडवोकेट**
**30-अवंतिका कॉलोनी उज्जैन**
**मोबाइल नंबर 888 9222210**

## कार्यालय नगरपालिका परिषद् महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)

**फोन 07365-251101 फेक्स .07365-251118 Email:cmomahidpur@mpurbun.gov.in**

**क्रमांक-मेला-2026/170** — **महिदपुर, दिनांक 27/01/2026**

# दर/प्रस्ताव आमंत्रण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद् महिदपुर द्वारा क्षिप्रा तट स्थित गंगावाड़ी मेला परिसर में आयोजित किए जा रहे 103वें महाशिवरात्रि गंगावाड़ी मेला-2026 अंतर्गत निम्नानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाना प्रस्तावित है -

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महाशिवरात्रि मेला 2026 अंतर्गत कवि सम्मेलन का आयोजन (01 मार्च 2026 रविवार)<br>प्रस्तावित कविगण<br>अनिवार्य (1) कुलदीप रंगीला, देवास (2) हेमा पांडे, लखनऊ (3) नरेंद्र अटल, महेश्वर<br>वैकल्पिक (इनमें से कोई 4 नाम)<br>(1) कविता तिवारी, लखनऊ (2) गजेंद्र प्रियांशु, बाराबंकी, (3) रोहित झन्नाट. इंदौर (4) दिनेश दिग्गज, उज्जैन (5) प्रो. राजीव शर्मा, इंदौर (6) अरुण जेमिनी, नई दिल्ली (7) मुन्ना बेटरी, मंदसौर (8) सुनील समैया, बीना (9) रमेश विश्वहार, छत्तीसगढ़ (10) अशोक नागर, शाजापुर (11) मुकेश शांडिल्य, टिमरनी | 1.00 लाख | 200/- | 2000/- | 02.02.2026 को दोपहर 3 बजे तक स्थान- महिदपुर नगरपालिका |
| 2 | महाशिवरात्रि मेला 2026 अंतर्गत भजन संध्या का आयोजन (24 फरवरी 2026 मंगलवार) द्वारका मंत्री भजन मण्डली, देवास अथवा अधिष्टा अनुष्ठा भजन ग्रुप, इन्दौर | 1.00 लाख | 200/- | 2000/- | |
| 3 | महाशिवरात्रि मेला 2026 अंतर्गत अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन (27 फरवरी 2026 शुक्रवार)<br>(विजेताओं को नगद पुरस्कार सहित) | 1.00 लाख | 200/- | 2000/- | |

अतः इच्छुक फर्म/व्यक्ति / बैनर/आयोजक / इवेंट कंपनी इस हेतु अपनी न्यूनतम दरें / प्रस्ताव निर्धारित निविदा प्रपत्र पर दिनांक 02.02.2026 को दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। जो उसी दिनांक को सांय 4 बजे उपस्थितों के समक्ष खोली जावेगी।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका महिदपुर**

In The Court Of III Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**

**(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC. SUC/000000-1-2026)
**आरिफ मोहम्मद ------- आवेदक**
**Vs**
**इशरत खान.... अनावेदक**

**Process Id-/2026**
**पेशी दिनांकः 13/02/2026**

**प्रेषिती-**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्रं. 1 आरिफ मोहम्मद पिता नूर मोहम्मद शेख, आयु-48 वर्ष एवं क्र.2 आसिफ मोहम्मद पिता नूरमोहम्मद, आयु 45 वर्ष, निवासीगण 17/1 कोठी रोड दमदमा उज्जैन की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदकगण एवं अनावेदक क्रं.1 इशरत खान पति असलम खान, आयु-45 वर्ष, निवासी-21 जमादार गली आजाद रोड सनावद जिला खरगोन के पिता नूर मोहम्मद शेख की मृत्यु दिनांक 01/06/2017 को तथा माता मुबिना बेगम की मृत्यु दिनांक 16/07/2015 को हो चुकी है। आवेदकगण और अनावेदक क्रं.1 मृतकगण के वैध उत्तराधिकारी है इनके अलावा अन्य कोई वैधानिक उत्तराधिकारी नहीं है। आवेदकगण के पिता नूर मोहम्मद शेख द्वारा अपने जीवनकाल में एक गोल्डन फोरेस्ट इण्डिया लिमिटेड एन एम्प्रो फोरेस्ट्री कॉनक्रेन कंपनी में राशि 120000/- इन्वेस्ट की थी जिसकी मैच्युरिटी होने के बाद राशि 240000/- उनके पिताजी को प्राप्त होना थी लेकिन कंपनी की तरफ 84000/- रुपये की राशि दी जा रही है जिसे कंपनी द्वारा एच डी एफ सी बैंक लिमिटेड के खाता क्रमांक 50200040555650 के चेक क्रमांक 104014 दिनांक 08/07/2019 राशि 84000/- का एक चेक आवेदकगण के पिता नूर मोहम्मद शेख के नाम गोल्डन फोरेस्ट इंडिया लिमिटेड एन एग्रो फोरेस्ट्री कॉनक्रेन कंपनी द्वारा भुगतान हेतु दिया था लेकिन नूर मोहम्मद शेख की मृत्यु वर्ष 2017 में हो जाने के कारण उपरोक्त राशि का भुगतान नहीं हो पाया। अनावेदक क्रं. 1 को उक्त राशि आवेदकगण को दिये जाने में कोई आपत्ति नहीं है। आवेदकगण ने मृतक नूर मोहम्मद शेख निवासी-17/1 कोठी रोड दमदमा उज्जैन की गोल्डन फोरेस्ट इण्डिया लिमिटेड एन एम्प्रो फोरेस्ट्री कॉनक्रेन कंपनी में राशि 120000/- रुपये मय ब्याज राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 फरवरी 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 फरवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 21 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**श्रीमती सोनाक्षी चतुर्वेदी शर्मा**
**तृतीय व्यवहार न्यायाधीश खण्ड 1 जिला न्यायालय उज्जैन**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।

## किसानों को प्रकृति ने मारा, अब शासन से आस

# तेज बारिश में गिरे ओले, फसलों में नुकसान





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना**

मंगलवार शाम को हुई मावठे की बारिश एवं ओले गिरने की वजह से किसानों के मुताबिक रबी (गेंहू, चना, मसूर) की फसल में भारी नुकसान हुआ है। कुछ खेतों की फसलें आड़ी (तिरछी) हो गई है। क्षेत्र में गेहूं के साथ आलू, लहसुन चना एवं नुकसान होने के मामले सामने आ रहे हैं। तेज हवाओं के साथ हुई मावठे की तेज बारिश की वजह से किसान की मेहनत पर पानी फिर गया। बुधवार को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा खेतों का निरीक्षण किया गया। पूर्व विधायक ताराचंद गोयल द्वारा विधानसभा क्षेत्र में अधिकारियों के साथ दौरे किए गए। इस दौरान एडीएम अंतर सिंह गुर्जर एवं एसडीएम ब्रजेश सक्सेना एवं प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। पूर्व विधायक द्वारा अधिकारियों आवश्यक निर्देश दिए हैं।

पूर्व विधायक गोयल भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा 40 से अधिक गाँवों का दौरा किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों के साथ खड़ी है। किसान संयम रखें निराश न हो। इधर विधायक परमार द्वारा भी ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया द्वारा कर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ तहसील परिसर स्थित एस डी एम कार्यालय पहुंचे विधायक परमार ने कहा कि ओलावृष्टि के बाद एक किसान ने आत्महत्या कर ली है, हम यहां पर कोई राजनीति करने नहीं आए हैं फसलों में हुआ नुकसान आपने भी देखा है। विधायक परमार ने एसडीएम सक्सेना से कहा कि ओलास्टिक के बाद किसानों को समस्या आ रही है आप तुरंत सर्वे होना चाहिए। पंचनामे में सचिव, जीआरएस चौकीदार संबंधित 10 किसान होना चाहिए। पूर्व में भी सर्वे में हुई लापरवाही के कारण कुछ किसान वंचित भी रह गए थे, इस बार कोई किसान वंचित नहीं हो। हम सभी कांग्रेस के कार्यकर्ता यह मांग करते हैं कि किसानों को बीमा सुनिश्चित हो किसने की फसल खराब हो गई है हमें किसने के लिए बीमा के साथ-साथ मुआवजा भी चाहिए किसानों पर हो रही बैंक विद्युत मंडल आदि की वसूली रुकी जानी चाहिए विद्युत मंडल के कर्मचारी गांव गांव जाकर किसानों के कनेक्शन काट रहे हैं अभी किसान परेशान है, यह रुकना चाहिए। यदि किसानों को बीमा राशि या मुआवजा जल्द नहीं मिला तो कांग्रेस किसानों के लिए आंदोलन करेगी। इधर भारतीय किसान संघ द्वारा भी एसडीएम कार्यालय में आवेदन दिया है जिसमें ओलावृष्टि एवं आणि तूफान से तहसील में रबी फसल की बर्बाद भी होने एवं सर्वे की मांग की है।

ओलावृष्टि से कुछ गांव प्रभावित हुए हैं। प्रशासन द्वारा दल गठित का सर्वे का कार्य किया जा रहा है। **-एसडीएम ब्रजेश सक्सेना।**

## गणतंत्र दिवस पर शिक्षक मुकेश चौरसिया का सम्मान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा**

77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आगर मालवा जिला मुख्य परेड ग्राउंड पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा के गणित विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक मुकेश चौरसिया को शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य हेतु आगर जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष मुन्नाबाई, भाजपा जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, आगर विधायक मधु गेहलोत, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष निलेश पटेल एवं आगर जिला कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि चौरसिया द्वारा विद्या अध्यापन कार्य के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सांस्कृतिक गतिविधियां एवं खेलकूद गतिविधियां आयोजित की जाती है। पिछले लगातार 11 वर्षो से उनके द्वारा पढ़ाई जा रही कक्षा 11वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इस उपलब्धि पर सांदीपनि विद्यालय नलखेड़ा के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं, समाज सेवी संस्था रॉयल फ्रेंड्स ग्रुप के सदस्यों एवं उनके परिजनों द्वारा हर्ष व्यक्त किया।

## कथा के चतुर्थ दिवस पर शिव पार्वती विवाह

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा**

नगर में स्थित श्री योगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पर चल रही शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस बुधवार को भगवान शिव एवं माता पार्वती का शुभ विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ। सर्वप्रथम माता पार्वती ने दूल्हे के रूप में सजे संवरे बाबा भोलेनाथ को वरमाला पहनाई पश्चात माता पार्वती को भोलेनाथ ने वरमाला पहनाई। इस धार्मिक अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। पश्चात उपस्थित श्रोताओं ने कन्यादान कर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर व्यास पीठ से कथावाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी ने कहा कि शिव शक्ति के समान कोई शक्ति नहीं है शिव शक्ति ही प्रभु भक्ति है। आप हमेशा शिव की भक्ति करते रहे बाबा हमेशा आपके साथ रहेंगे भगवान शिव की बहुत ही सरल भक्ति है जो प्राणी मात्र को सत्य की राह पर चलना सिखाती है।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण आनंदी बाई पति स्व. चंदनसिंह, भगवानसिंह, राजकुवर बाई पिता चंदनसिंह, जाति राजपूत निवासीगण ग्राम नरसिंगा तह. बड़नगर जिला उज्जैन के निवासी है तथा उनके मालिकी एंव आधिपत्य का एक भूमि सर्वे नं0 1219 रकबा 0.44 हे. उक्त भूमि के सबंध में माननीय न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय बड़नगर जिला उज्जैन के समक्ष खसरे में अवैधानिक व फर्जी तरीके से नाम जोड़े जाने तथा उसके संशोधन के सबंध में एक प्रकरण कमांक 0028/अ-6 अ/2025-26 दर्ज होकर विचाराधीन है प्रकरण में अनावेदकगण कला बाई पिता नंदा पति रूपसिंह, राजेन्द्रसिंह पिता बहादुरसिंह, प्रेमा कुंवर पुत्री बहादुरसिंह समस्त जाति राजपूत निवासी ग्राम नरसिंगा के विरूद्ध खसरे में त्रुटिपूर्ण व फर्जी तरीके से नाम दर्ज हो गया है नाम को विलोपित कर संशोधन कराने का प्रकरण माननीय न्यायालय के समक्ष पेश है परन्तु प्रकरण में समय लगने से तथा अनावेदकगण को उक्त भूमि की जानकारी प्राप्त हो गई है और वह उक्त भूमि सर्वे नं. 1219 रकबा 0.44 हे. को विकय करने पर आमादा है इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि का सौदा ना करें और यदि कोई व्यक्ति उक्त भूमि को सौदा करता है तो उसकी जानकारी मुझे या मेरे पक्षकार को सूचित करे तथा इस जाहिर सूचना के पश्चात भी यदि किसी व्यक्ति, सस्था, बैंक, या निजी वित्तदायी सस्था द्वारा उक्त भूमि का सौदा करता है तो उस सौदे की समस्त जवाबदारी उसी की होगी और उक्त सौदा इस जाहिर सूचना के माध्यम से अवैध व शुन्यवत माना जावेगा सूचित हो पाबंदी करे।

दिनांक 28/01/2026

**अजय त्रिवेदी एडवोकेट**
**कोर्ट परिसर बड़नगर, जिला उज्जैन मो. 9098777976**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन नगर पालिक निगम क्रमांक 02 स्थित चन्द्रशेखर आजाद मार्ग गली नम्बर-2 खत्रीवाडा पर निर्मित बहुमंजिला भवन सोनी कॉम्पलेक्स के सेकण्ड फ्लोर (द्वितीय मंजिल) का फ्लेट / प्रकोष्ठ क्रमांक 11, जिसका कुलक्षेत्रफल 34.98 वर्गमीटर है, जिसके पूर्व मे कॉमन पैसेज, पश्चिम में सड़क चन्द्रशेखर आजाद मार्ग गली नम्बर-2, उत्तर में प्रकोष्ठ क्रमांक 10 देवेन्द्र नीमा का, दक्षिण मे- प्रकोष्ठ क्रमांक 12 पी.सी. सोनगरा का स्थित है उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने संपत्ति के वर्तमान स्वामीगण श्रीराम पोरवाल पिता कन्हैयालाल जी पोरवाल एवं श्रीमति रानी पोरवाल पत्नी श्रीराम पोरवाल से किया है तथा मेरे पक्षकार ने सम्पत्ति के वर्तमान स्वामी को उक्त सम्पत्ति के क्रय पेटे आंशिक बयाना राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन कर लिया है तथा शेष राशि अदा करके उक्त संपत्ति के अनुबंध पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष है। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सपत्ति पर अन्य किसी व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, बैंक आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त संपत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई विवाद हो या स्वामित्व के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

दिनांक 28/1/2026

**श्रीमति मन्जू मेहता**
**अभिभाषक एवं नोटरी**
**ऑफिस क्रमांक 102, प्रथम मंजिल पी.सी.आर स्क्वेयर एस.पी. ऑफिस के सामने, डी.पी. ज्वेलर्स के पास, वैलनेस के ऊपर, उज्जैन, (म.प्र.)। मोबाइल न. 98272-45795**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने आदित्य गुप्ता पिता श्री कपिल गुप्ता निवासी 18 बी इंद्रपुरी सेठीनगर उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य का भवन कमाक 228 महामंगल सिंटी कालोनी ग्राम नीमनवासा तहसील व जिला उज्जैन मे स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 92.81 वर्गमीटर है को मय जमीन तला व हवाई हक सहित कय करने बाबत करार किया होकर आंशिक राशि भी उन्हे अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर विकय पत्र का निष्पादन अपने हित मे करवाने जा रहे है। उक्त भवन पर यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन, या बैक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त संपत्ति किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 28.1.2026 उज्जैन

**संजय बसंल**
**एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन**
**समय - सुबह 11.00 से 07.00 बजे, मो. 9827792292**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मुझ जाहिर सूचनाकर्ता सुभाष रायकवार पिता स्व. कैलाश नारायण रायकवार, निवासी-30, मूल्लापुरा बड़नगर रोड, उज्जैन म.प्र. के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 2929 रकबा 1.390 हे., सर्वे नंबर 2931 रकबा 3.041 हे., सर्वे नंबर 2936 रकबा 0.320 हे., सर्वे नंबर 2939 रकबा 1.327 हे., सर्वे नंबर 3942/1 रकबा 0.125 हे., कुल किता 5 कुल रकबा 6.249 है. जो कि ग्राम मुल्लापुरा बड़नगर रोड, उज्जैन म.प्र. में स्थित है। उक्त संपूर्ण कृषि भूमि पर मुझ जाहिर सूचनाकर्ता की माता शशिकलाबाई पति स्व. कैलाशनारायण, बहन सरिता, अभिलाषा, प्रीति, पुत्रीगण स्व. कैलाश नारायण, का हक स्वत्व व अधिकार निहित है। मुझ जाहिर सूचनाकर्ता को ज्ञात हुआ है कि उक्त संपूर्ण संपत्ति को मुझ जाहिर सूचनाकर्ता के सहस्वामीगण के द्वारा विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त समस्त विवादग्रस्त कृषि भूमि संपत्ति के संबंध में एक अपीलीय प्रकरण क्रं. डब्ल्यू.पी. 6327/2010 माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ, इंदौर में विचाराधीन है। जबकि मुझ जाहिर सूचनाकर्ता व अन्य सहस्वामी के द्वारा अपनी उक्त संपूर्ण संपत्ति को विक्रय करने में अपनी सहमति प्रदान नहीं की गई है। ऐसी स्थिति में मुझ जाहिर सूचनाकर्ता के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपूर्ण संपत्ति कृषि भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, पेढ़ी आदि किसी भी प्रकार का विक्रय या अन्य कोई संव्यवहार मुझ जाहिर सूचनाकर्ता की सहमति व अनुमति के बगैर ना करें एवं वर्तमान जाहिर सूचना के पश्चात भी उक्त संपूर्ण कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किया जाता है तो ऐसी स्थिति में ऐसा संव्यवहार वर्तमान जाहिर सूचना के प्रभाव में शून्य होकर मुझ जाहिर सूचनाकर्ता पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचित हो।

इति दिनांकः 28/01/2026

**सुभाष रायकवार पिता स्व. कैलाश नारायण रायकवार**
**निवासी-30, मूल्लापुरा बड़नगर रोड, मोबा 9669229552**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार मितेश पाण्डे पिता योगेश पाण्डे, निवासी - 15, श्रीपाल मार्ग, छत्री चौक, उज्जैन म.प्र. 300/1 ने दुकान स्वामी- इरशाद एहमद पिता अब्दुल हमीद, निवासी कामदारपुरा, गौतम मार्ग, उज्जैन म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की तल मंजिल की एक दुकान, भवन/भूमि नगर पालिक निगम 15/1/2 स्थित श्रीपाल मार्ग, भागसीपुरा, उज्जैन म.प्र. में हैं। जिसका कुल क्षेत्रफल 15-06 वर्गमीटर हैं, को क्रय करने का तय किया हैं। जल्द ही दस्तावेज विक्रय- पत्र का संपादन एवं निष्पादन होना हैं। उक्त संपत्ति के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार एवं राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त संपत्ति कहीं पर विक्रय, रहन, बय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण की हुई हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय/कार्यालय में उक्त संपत्ति से सम्बंधित कोई आपत्ति/वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 01- एक सप्ताह में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति का दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन एवं निष्पादन कर पंजीकरण करा लिया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त वर्णित संपत्ति अर्थात उक्त दुकान को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री, विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो।

इति दिनांक 28/01/2026, स्थानः उज्जैन

**शकील एहमद एडवोकेट**
**'सुहाना पैलेस'**
**34, शू मार्केट, लखेरवाड़ी उज्जैन, मो. 94240-45740**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01 राधेश्यामदास पिता मनोहरदास जाति बैरागी, 02 लाखनसिंह पिता चतरसिंह जाति राजपूत, निवासीगण ग्राम महुड़ीखेमा, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 19 रकबा 0.62 हे0 स्थित ग्राम महुड़ीखेमा, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को कय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामियों से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा एक सौदा चिट्ठी उपरोक्त भूमि स्वामियों ने मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित की है तथा शीघ्र ही भूमि का विकय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भूमि स्वामियों के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 28/01/2026

**राजेन्द्रसिंह सोलंकी, एडव्होकेट**
**बड़नगर जिला उज्जैन, मोबा. 98268-61512**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01 राधेश्यामदास पिता मनोहरदास जाति बैरागी, 02 लाखनसिंह पिता चतरसिंह जाति राजपूत, निवासीगण ग्राम महुड़ीखेमा, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नं. 19 रकबा 0.62 हे. स्थित ग्राम महुड़ीखेमा, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को कय करने का सौदा उपरोक्त भूमि स्वामियों से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा एक सौदा चि?ट्ठी उपरोक्त भूमि स्वामियों ने मेरे पक्षकार के पक्ष में सम्पादित की है तथा शीघ्र ही भूमि का विकय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भूमि से संबंधित मुख्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भूमि स्वामियों के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

दिनांक 28/01/2026

**राजेन्द्रसिंह सोलंकी, एडव्होकेट**
**बड़नगर जिला उज्जैन मोबा. 98268-61512**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण आम जन को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार तेजराम पिता लक्ष्मण जी जाति भोई केवट निवासी ग्राम बड़ी कलमेर तहसील हादोत जिला इंदौर द्वारा ग्राम कढ़ाई तहसील बडनगर जिला उज्जैन स्थित भुमि सर्वेन- 339/4 रकबा 0.60 मेसे रकबा 0.20 है0 पश्चिम दिशा की भुमि स्वामी प्रहलाद, शेरू, सजाबाई, पिता जगन्नाथ जी आदि से भुमि क्रय करने का सोदा तय कर बयाना राशी प्रदान कर दी है तथा एक सोदा चिठठी मेरे पक्षकार के पक्ष मे उपरोक्त भुमि स्वामी द्वारा सम्पादीत की है तथा शीघ्र ही उक्त भुमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे पंजीकृत होना है यदि उक्त भुमि के सबंध मे किसी भी संस्था, बेंक निकाय का ऋण भार बकाया हो अथवा यह संम्पत्ति किसी के पक्ष मे रहन हो, अथवा किसी के पक्ष मे कोई अनुबंध पत्र या भुमि सबंधीत किसी प्रकार का मुखत्यारनामा आम ,या मुखत्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती मे उपरोक्त भुमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित , स्वत्व, अधिकार हो तो इस जाहीर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखीत रुप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ति दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी। सुचित हो।

दिनांक- 28/01/2026

**गोविन्द प्रजापत अभिभाषक**
**बड़नगर, जिला उज्जैन, मप्र, मो. 9926990488**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड तीन बत्ती चैराहा फ्रिगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक बी.52 स्थित आदिनाथ परिसर कस्बा बड़नगर तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 91.20 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में - भूखण्ड क्रमांक बी.45, पश्चिम में- कॉलोनी का रोड़, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक बी-53.एवं दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक बी-51 अक्षय पटेल का स्थित है। उक्त सम्पत्ति हीरल बेन पटेल पति श्री अक्षय पटेल ने इसके पूर्वस्वामी ममता जैन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी43152017ए1503130 दिनांक 31/08/2017 को क्रय कि। एवं श्रीमति हीरल बेन पटेल ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व मुल विक्रय पत्र क्रमांक 1664 दिनांक 20/08/2014 का ही गुम हो गया है जिसकी सुचना पुलिस थाना बड़नगर जिला उज्जैन में दिनांक 27/01/2026 को दी गई। अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई सी आई सी आई बैंक लि की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, भूखण्ड क्रमांक 7, 8, 17, व 18 जो कि सर्वे कमांक 1823 का भाग हरिस्वामी मार्ग प्रीती नगर के पास कृष्णा विहार उज्जैन (म.प्र.) जिसका कुल क्षेत्रफल 223.01 वर्गमीटर है। उपरोक्त संपत्ति सागर अजमेरा पिता स्व श्री छगनलाल जी अजमेरा श्रीमती सोनिया पिता स्व श्री छगनलाल जी अजमेरा एवं सारिका अजमेरा पिता स्व श्री छगनलाल जी अजमेरा से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022024ए11178245 दिनांक 26-09-2024 के माध्यम से श्रीमती मंजू गोमे पति प्रकाश जी गोमे को विधिवत प्राप्त हुई है। उपरोक्त सम्पत्ति पर श्रीमती मंजू गोमे पति प्रकाश जी गोमे द्वारा ऋण प्राप्त करने हेतु आई सी आई सी आई बैंक लि में आवेदन किया गया है तथा बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा रहा है। अतः सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, सोसायटी, शासन या अन्य कोई ऋण, भार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज, आयद हो या किसी प्रकार का टैक्स, कर, प्रभार बकाया हो या उक्त संपत्ति में किसी का स्वत्व, हित, क्लेम, कब्जे के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से तीन दिवस में सप्रमाण मुझे लिखित आपत्ति पेश करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा बाद अवधि आई सी आई सी आई बैंक लि द्वारा उपरोक्त सम्पत्ति पर ऋण प्रदाय करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति शून्य व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित हो।

दिनांक 28/01/2026

**नीरज सक्सेना (एडवोकेट)**
**ए-18 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 97130-96363, 97130-15515**

### In The Court Of IX Civil Judge Class - I, District Court, Ujjain

Presiding Officer: श्री अर्पित जैन

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम

सक्तेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000010-2025)

उमा रायकवार.......आवेदक

Vs

बैंक प्रबंधक केनरा बैंक.......अनावेदक

Process Id-/2026

पेशी दिनांक :- 10/03/2026

प्रेषिती-

(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक उमा रायकवार पति दिनेश रायकवार, उम्र-47 वर्ष, जाति-भोई, निवासी-65 बी गायत्री नगर सेंट पॉल स्कूल के पिछे उज्जैन म प्र व हरदोनिया काम्पलेक्स गणेशपुरा उजेन म प्र की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक उमाबाई की मां इंद्राबाई पति स्व. मुकुन्दीलाल ने अनावेदक क्र.1 बैंक प्रबंधक, केनरा बैंक शाखा फीगंज उज्जैन म प्र में एक सेविंग खाता अकाउंट नंबर 79252250005731 खुलवाया था उक्त खाते में अपने पुत्र धर्मेन्द्र पिता स्व. मुकुन्दीलाल रायकवार को नॉमिनी बनाया था जिसकी मृत्यु हो चुकी है तथा आवेदिका की मां के द्वारा उक्त बैंक खाते के लिये अपने पुत्र सुभाष पिता स्व.श्री मुकुन्दीलाल रायकवार को नामिनी बनाया था जिसकी भी दिनांक 13/09/2024 को मृत्यु हो चुकी है एवं आवेदिका की मां इंदिरा बाई की मृत्यु दिनांक 13/07/2023 को एवं उसके पुत्र घनश्याम, सुभाष एवं धर्मेन्द्र की भी मृत्यु हो चुकी है केवल पुत्री आवेदिका ही जीवित है आवेदिका की मां ने मृत्यु पूर्व एक वसीयत भी आवेदिका के हित में की थी। आवेदिका ने मृतक इंद्राबाई पति स्व. मुकुन्दीलाल निवासी-65 बी गायत्री नगर सेंट पॉल स्कूल के पिछे उज्जैन म प्र व हरदोनिया काम्पलेक्स गणेशपुरा उज्जैन की उक्त बैंक में जमा राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 10 मार्च 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 10 मार्च 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह तारीख 22 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(अर्पित जैन)**
**नवम् व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड**
**जिला-उज्जैन (म.प्र)**

कृपया ध्यान दें:-

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रिगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 23 का उत्तर दिशा वाला भाग श्रीपाल मार्ग गली नं. 02 नागनाथ की गली उज्जैन (म.प्र.) स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 49.67 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- कॉमन पैसेज भवन का, पश्चिम मे- बम्बई वाले कि धर्मशाला एवं महादेव मंदिर, उत्तर मे- चबुतरा चंपालालजी का, दक्षिण मे- शेष भवन भाग अश्विन पंड्या एवं अपूर्व पंड्या का स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्रीमति नीता, हिमांशु एवं मुदित को नोटरीकृत वसीयत दिनांक 08/09/2009 के माध्यम से वसीयतकर्ता श्रीमति सूर्यकान्ता से प्राप्त हुई थी एवं श्रीमति सूर्यकान्ता का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त वसीयत के आधार पर श्रीमति नीता, हिमांशु एवं मुदित द्वारा अपना नामान्तरण कार्यालय नगर पालिक निगम,उज्जैन में दर्ज करवाया गया तथा सम्पत्ति के वर्तमान स्वामीगण ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड, उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चैराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**



## गणतंत्र दिवस पर बंसल सम्मानित

**महिदपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य के लिए महिदपुर शहर वितरण केंद्र में पदस्थ सहायक अभियंता हिमेश बंसल को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। बंसल ने महिदपुर उपसंभाग के साथ-साथ झारड़ा वितरण केंद्र का अतिरिक्त कार्यभार भी सफलतापूर्वक संभाला। वर्ष 2025 के रबी सीजन के दौरान उन्होंने झारड़ा वितरण केंद्र अंतर्गत सिंचाई हेतु दिए गए अस्थायी विद्युत कनेक्शनों से संबंधित राजस्व वसूली में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उनके प्रयासों से उज्जैन क्षेत्र में सर्वाधिक ?1.02 करोड़ का नगद राजस्व संग्रह किया गया, जो विभाग के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। उनकी कार्यकुशलता, अनुशासन और जिम्मेदारीपूर्ण नेतृत्व के कारण राजस्व वसूली अभियान को गति मिली और लक्ष्यों की सफल प्राप्ति संभव हो सकी। विभागीय अधिकारियों ने उनके कार्य की सराहना करते हुए इसे अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस उत्कृष्ट योगदान के लिए गणतंत्र दिवस समारोह इंदौर में प्रबंध निदेशक द्वारा उन्हें औपचारिक रूप से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## श्री गोपाल गौशाला महिदपुर में झण्डावंदन कार्यक्रम सम्पन्न



**महिदपुर।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में श्री गोपाल गौशाला में झण्डावंदन का कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया। झण्डावंदन श्री गोपाल गौशाला समिति अध्यक्ष अनिल कुमार भट्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समिति कोषाध्यक्ष अमरसिंह ठाकुर, सचिव प्रभुदयाल शर्मा, सदस्यगण पारस लुणावत, दिलीप कुमार इनानी, विरेन्द्र कुमार सोनी, राजाराम परमार, प्रकाशचन्द्र शर्मा, शांतिलाल छजलानी, गिरधारीलाल उथरा, सुरेन्द्र कुमार दुबे, शम्भुलाल तिवारी, घनश्याम परमार, ललित मोहन शर्मा, राजेन्द्र उपाध्याय आदि उपस्थित थे।

## सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**महिदपुर।** सेंट जोसेफ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महिदपुर में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रूहालिया कॉलेज आफ फिलॉसफी के हिंदी प्राध्यापक फादर जुबिन मुरिक्कल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि फादर जुबिन ने विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस सर, उपप्राचार्य अनीश थॉमस सर एवं मदर सुपरिंटेंडेंट सिस्टर जॉर्जिया के साथ ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कक्षा आठवीं के छात्र तन्मय परमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा ऋषिका राठौर ने गणतंत्र दिवस पर भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि फादर जुबिन ने छात्रों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए भारतीय संविधान की सुंदरता के बारे में बताया और कहा कि संविधान ने हमें मूल अधिकार एवं कर्तव्य प्रदान किए हैं, हमें संविधान से प्रेरणा लेकर एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश को प्रगति की ओर ले जाना है। सदैव स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान करना है तभी यह गणतंत्र दिवस सार्थक होगा । इसके पश्चात छात्रों को विभिन्न वार्षिक गतिविधियों के पुरस्कार वितरित किए गए एवं शिक्षको को 100 प्रतिशत उपस्थिति के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य सोबी थॉमस सर एवं उप प्राचार्य अनीश थॉमस सर ने छात्रों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। अंत में उप प्राचार्य अनिश थॉमस सर ने अपने धन्यवाद भाषण के द्वारा मुख्य अतिथि प्राचार्य, छात्र एवं सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया। मिष्ठान्न वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

### भारत विकास परिषद का अनूठा आयोजन

## बॉर्डर फिल्म प्रदर्शन के साथ गोपाल गौशाला में झंडावंदन और गौ आहार

**बड़नगर।** देशभक्ति, अदम्य साहस, और भारतीय सशस्त्र बलों के संयुक्त पराक्रम की प्रेरणा देने वाली और देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान, पारिवारिक भावनाओं और मातृभूमि के प्रति समर्पण का संदेश देने वाली हाल ही में रिलीज हुई बॉर्डर 2 फिल्म के प्रदर्शन का आयोजन भारत विकास परिषद द्वारा किया गया। उक्त आयोजन हेतु बड़नगर के द बॉक्स टॉकीज को बुक किया गया। लगभग 150 सदस्यों द्वारा देश भक्ति से परिपूर्ण इस फिल्म को देखा गया। फिल्म प्रदर्शन शुरू होने के पूर्व भारत माता की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन संस्था अध्यक्ष नितेश गोधा (धर्म उत्साही),कृष्णकांत गोयल, आयुषी कोठारी सहित संस्था सदस्यों की उपस्थिति में किया गया।फिल्म प्रदर्शन के दौरान समय-समय पर संस्था सदस्यों द्वारा भारत माता की जय के नारे लगाने से पूरा टॉकीज देश भक्ति के रंग में रंग गया। इसके साथ-साथ भारत विकास परिषद ने सेवा कार्य को आगे बढ़ाते हुए गोपाल गौशाला में 26 जनवरी को राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण मुख्य अतिथि डॉ. वासुदेव काबरा एवं श्रीमान संदीप मारू के आतिथ्य में संपन्न कर गौ पूजन एवं गौ आहार कराया।

### सीएम राइज में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच लहराया तिरंगा

# अंचल में धूमधाम से से मना 77वाँ गणतंत्र दिवस







दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

नगर सहित अंचलों में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। संस्थाओं व शैक्षणिक शालाओं में शाला प्रधानों ने ध्वजा रोहण किया। साथ ही देश भक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। नगर में मुख्य समारोह माँ शारदा सांदीपनि विद्यालय सीएम राइज शुजालपुर में हुआ। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सीता देवी रामचन्द्र पाटोंदिया, नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मंजू गोविंद मेवाडा, एसडीएम राजकुमार हलदर, एसडीओपी निमेष देशमुख अतिथि के रूप में मौजूद थे। समारोह में ध्वजा रोहण, मार्च पास्ट, संदेश वाचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसी प्रकार नगर पालिका कार्यालय में नपा अध्यक्ष बबीता परमार ने ध्वजा रोहण किया। शासकीय जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में भी गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया।

सरस्वती विद्या व शिशु मंदिर शुजालपुर मंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथि के रूप में अध्यक्ष रामगोविन्द नेमा , डॉ. प्रो. मुकेश मेवाड़ा, हुकुमसिंह धनगर, सीमित चौधरी रहें। अतिथियों का परिचय प्रवीण नागजी, स्वागत मनोज परमार, मनीष मालवीय और कृपालसिंह राजपूत ने किया। विद्यालय के छात्रों भाविन वैष्णव, राधिका नरवले ने एकल गीत एवं नैतिक सिंह राजपूत अंग्रेजी भाषण , साक्षी परमार संस्कृत भाषण , वेदिका परमार ने हिन्दी भाषण प्रस्तुत किया। शिशु वाटिका के भैया बहिनों सामुहिक योग का प्रदर्शन किया। मुख्य वक्ता मुकेश मेवाड़ा ने कहा कि भारत जग सिर मौर है और इसे बनाने मे प्राचीन शिक्षा व्यवस्था की अहम भूमिका थी। अध्यक्ष रामगोविन्द नेमा ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमे समानता का अधिकार दिलाने का प्रतिक है संविधान हमारे देश के शासन प्रशासन की व्यवस्था के नियमो और कानूनो को प्रस्तुत करता है। संचालन रमेशचन्द्र महेश्वरी व अभार संस्था सचिव डॉ. महेन्द्र सितपरा ने माना।

स्कॉलर्स एकेडमी शुजालपुर में गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आनंद जाधव एवं अभय जाधव उपस्थित रहे। स्वागत विद्यालय संचालक सत्यजीत देशमुख ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज के ध्वजारोहण से हुआ। विद्यार्थियों ने अनुशासित एवं आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।

कायस्थ महासभा शुजालपुर ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया, ध्वजा रोहण कायस्थ महासभा शुजालपुर अध्यक्ष शैलेन्द्र सक्सेना एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक परिषद सदस्य व समाजजन मौजूद थे।

77वे गणतंत्र दिवस के मुख्य जिला स्तरीय समारोह में सिविल अस्पताल शुजालपुर मंडी में पदस्थ नर्सिंग ऑफिसर सलोनी परमार को लक्ष्य एवं कायाकल्प कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रभारी मंत्री नारायणसिंह कुशवाह, कलेक्टर ऋजु बाफना एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

### कन्याशाला में हुआ आयोजन

पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य अल्पना राणा एवं वरिष्ठ शिक्षिका लता वैध ने ध्वजा रोहण किया। छात्राओं ने देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। मुख्य समारोह में संस्था की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समारोह विधि नेमा, लीना जैन, पिंकी अहिरवार, बनेसिंह मेवाडा, सुनिल पाटीदार के मार्गदर्शन में किया गया।

### बड़नगर

गणतंत्र दिवस का पर्व सोमवार को हर्षोल्लास से मनाया। शासकीय कार्यालयों से लेकर अशासकीय कार्यालय, विद्यालय, अस्पताल सहित नगर के विभिन्न चौराहों पर आयोजन हुए। स्कूलों में बच्चों ने रैलियां निकाली। शहर में गणतंत्र दिवस अमर रहे के नारे गूंजे। शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व विधायक, प्रेस क्लब अध्यक्ष व पत्रकारों सहित राजनीतिक दलों के नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की।

गांधी चौक में विधायक जितेन्द्रसिंह पण्ड्या ने झंडावंदन कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। नगर पालिका द्वारा किले पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अध्यक्ष अभय टोंग्या, जल यंत्रालय पानी के टंकी पर सभापति अजय दोराया, तहसील कार्यालय में एसडीएम धीरेन्द्र पराशर, एसडीओपी कार्यालय में एसडीओपी एमएस परमार, पुलिस थाने में थाना प्रभारी अशोककुमार पाटीदार, शासकीय अस्पताल में डॉ. सुयश श्रीवास्तव, जनपद पंचायत में अध्यक्ष निर्मला राठौर, कृषि उपज मंडी में एसडीएम धीरेन्द्र पाराशर, शिवाजी रोड पर भाजपा नगर अध्यक्ष नवीन राठौड़, कोर्ट तिराहे पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेश हारोड, धानमंडी में चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉ. अजय त्रिवेदी ने झंडा वंदन किया। पूर्व विधायक मुरली मोरवाल की उपस्थिति में कन्हैयालाल मेहता विचार मंच, गांधी चौक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रईस कुरैशी ने ध्वज फहराया। पुराने बस स्टैंड पर प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. नरेंद्रसिंह राजावत ने पत्रकारों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया।

### भौरासा

नगर भौरासा में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस बड़ी उत्साह से साथ मनाया गया। नगर में सुबह से ही घना कोहरे के बीच छोटे छोटे बालक बालिकाओं के हाथो में तिरंगा झंडा लेकर फहराते हुए उत्साह देखने को मिला साथ ही शीतल लहर होने के बावजूद सभी स्कूलों की प्रभात फेरी नगर के मार्गो से होते हुए फूटी बावड़ी स्थित मैदान पर पहुंच कर एकत्रित हुए जहां नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी,के साथ उपाध्यक्ष जयसिंह राणा एवं समस्त पार्षदगण नगरवासियों की उपस्थिति में झंडा वंदन के साथ सामूहिक राष्टगान संपन्न हुआ इसके बाद नगर के समस्त स्कूलों के बालक बालिकाओं द्वारा राष्ट्रीय गीतो पर नाटकीय,डांस,शरहद के वीर जवानों पर एक से बड़ कर एक प्रस्तुतियां दी जिन्हे वहा मौजूद अथितियो ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

नगर के शासकीय खाद सोसायटी,पुलिस थाना,सहकारिता बैंक, छोटा हनुमान मंदिर,दूध सोसायटी,कांग्रेस कार्यालय,उर्दू स्कूल,बालक हाई सेकेंडरी स्कूल,कन्या हाई स्कूल,बालक बालिका माध्यमिक स्कूल, भवरनाथ गुरुकुल स्कूल, व आदि संस्थानों पर झंडा फहराया गया।

इसी तरह नगर के स्थानीय महांकल वाटर प्लांट पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्टीय पर्व पर झंडा वंदन किया गया जिसमें मुख्य अथिति वरिष्ट समाजसेवी जितेंद्र पुरोहित,एवं अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा के द्वारा ध्वजारोहण किया।


# शाजापुर, शुजालपुर, तराना में जमीन पर बिछी ओले की चादर

### आंधी के साथ हुई ओलावृष्टि, अगले 24 घंटे बारिश का अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

शाजापुर जिले में मंगलवार को मौसम ने करवट बदली और सुबह से ही बादलों का डेरा जमा रहा. सुबह करीब 9 बजे हुई रिमझिम बारिश के बाद शाम होते-होते तेज आंधी के साथ जोरदार ओलावृष्टि हुई, जिससे सड़कों पर ओले की चादर बिछ गई. वहीं मौसम विभाग आगामी 24 घंटे में बारिश की संभावना जता रहा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है.

मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे शाजापु में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई और उसी के साथ ओलावृष्टि भी हुई. अचानक ओले गिरने के कारण राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. हर कोई ओलों की मार से बचने के लिए सुरक्षित स्थान तलाशता दिखाई दिया. करीब 10 मिनट की ओलावृष्टि के कारण सड़कों पर ओले की सफेद चादर बिछ गई. इसके पूर्व शाम करीब 4 बजे मोहन बड़ोदिया के बरनावद, निपानिया, मांगलिया, सागडि?ा और आरोलिया सहित कई गांवों में अचानक मौसम बिगड़ गया. तेज हवाओं के साथ यहां भारी ओले गिरे, जिससे सड़कें और खेत





सफेद चादर की तरह नजर आने लगे. इस ओलावृष्टि की वजह से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई है।

### शुजालपुर

क्षेत्र में मंगलवार की शाम को मौसम में बदलाव हो गया और तेज हवा के साथ मावठ की बारिश हुई, साथ ही आसमान से ओले भी बरसे। वैसे तो दो दिनों से बादलों की उपस्थिति क्षेत्र में बन रही थी, मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे, शाम लगभग 6.30 बजे तेज हवा के साथ पानी बरसना शुरू हो गया, जो कि नगर में लगभग आधे घंटे तक तेजगति से गिरता रहा। एमजी रोड पर स्थित नालियों से पानी बाहर निकलकर बहने लगा। नगर में साबुदाने के आकार के आंशिक रूप से ओले गिरे, हालांकि ग्रामीण अंचलों में ओलों का आकार बडा बताया जा रहा है। ग्राम अमलाय पत्थरकी निवासी लखन राजपूत ने बताया कि शाम को तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई, जिसके साथ ही आसमान से ओले भी बरसे, ओलों का आकार चने के बराबर रहा होगा, यह ओलावृष्टि 5-6 मीनिट तक हुई। मौसम में आए इस बदलाव से कही फायदा तो कही नुकसान माना जा रहा है। मावठ की बारिश से तो गेहूं फसल को फायदा होगा लेकिन ओलों के गिरने से फसलों को नुकसान होगा।

### तराना

शुक्रवार को उमस एवं गर्मी के बाद शाम करीब 5:00 बजे मावथे की बारिश हुई।नगर में हुई तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। किसानों नें बताया कि इस मावथे से गेहूं फसल में नुकसान होने की भी आशंका है। बारिश के कारण गेंहू का पौधा आड़ा हो जाता।वही यह मावठा दुबली,मुण्डली मालिखेड़ी,गांगलिया खेड़ी सहित ग्रामीण क्षेत्रो में भी बारिश हुई।



## श्री शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल में पूरे उत्साह से मना गणतंत्र दिवस

बड़नगर। श्री शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और पूरे जोश के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण संस्था प्राचार्य बृजेश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। सरस्वती पूजन संस्था के वरिष्ठ शिक्षक देवेंद्र वालोस्कर सुभाष राठौड़ एवं आत्माराम परमार द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने देश भक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी साथ ही बच्चों ने देशभक्ति के तराने गाकर सब को देश भक्ति के रंग से रंग दिया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को वर्ष भर चलने वाली सांस्कृतिक , साहित्यिक एवं खेल गतिविधियों मैं छात्र-छात्राओं को श्रेष्ठ मार्गदर्शन हेतु प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर संस्था की ओर से सम्मानित किया गया साथ ही प्रतीकात्मक रूप से एक नन्हे सैनिक का सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक संतोष जोशी ने किया।

## विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया




**बड़नगर।** स्थानीय विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल द्वारा 77 वॉ गणतंत्र दिवस समारोह बड़ी धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि संस्था के पितृ पुरुष साजनदास संगतानी, संस्था प्रबंधक मनोज संगतानी एवं निर्देशक विश्वास संगतानी द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृति प्रस्तुतियॉ जिसमें देश भक्ति गीत, नृत्य प्रस्तुत किये। विद्यालय के संचालक मनोज संगतानी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्रों के मध्य संविधान की महत्ता और नागरिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था प्राचार्या इंदू पंजाबी ने गणतंत्र दिवस के महत्व को दशार्ते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उपस्थित छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाए दी। तत्पश्चात विभिन्न विधाओं में मेघावी छात्रों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में समस्त छात्रों को प्रसादी वितरण की गई।

### 5-डे वर्किंग की मांग, सारंगपुर में बैंककर्मियों की हडताल:

# एलआईसी, आरबीआई सहित सारे विभागों में पांच दिन काम, फिर बैंक कर्मचारियों के साथ भेदभाव क्यों

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

5 डे वर्किंग की मांग को लेकर बैंककर्मी हडताल पर हैं। सारंगपुर के सभी सरकारी बैंकों में कामकाज नहीं हुआ। बैंकों के सामने बैंक कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। उन्होंने सरकार से मांग की कि 5-डे वर्क वीक दिया जाए। बता दें कि बैंक यूनियनों और सरकार के बीच विवाद की मुख्य जड शनिवार की छुट्टी है। बैंक कर्मचारी काफी समय से '5-डे वर्क वीक (हप्ते में केवल 5 दिन काम) को लागू करने की मांग कर रहे हैं। मार्च 2024 में इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आइबीए) और यूनियनों के बीच 12वें द्विपक्षीय समझौते के दौरान सभी शनिवारों को छुट्टी घोषित करने पर सहमति बनी थी लेकिन समझौते के बावजूद अभी तक इसका सरकारी नोटिफिकेशन जारी




नहीं किया गया।

5-डे वर्किंग के लिए सहायक प्रबंधक बृजेंद्र सिंह, उप प्रबंधक गिरिराज मीणाएवं अन्य बैंककर्मी ने तर्क देते हुए कहा कि हम एक संतुलित कार्यप्रणाली मांग रहे हैं। हम इसके बदले हर दिन 40 मिनट अतिरिक्त काम करने को तैयार हैं। वर्तमान में महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को ही बैंक बंद रहते हैं। यूनियन चाहती है कि सरकार अब इसकी आधिकारिक अधिसूचना तुरंत जारी करे। शहर के बैंककर्मियों ने शाखा के सामने प्रदर्शन किया। बैंककर्मियों ने नारेबाजी करते हुए मांग दोहराई। उन्होंने बताया कि कोरोना के दौरान जब सब कुछ बंद था, तब भी बैंककर्मियों ने रात 12 बजे तक काम किया। हम सरकार से पांच दिन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब सरकार के सभी विभाग पांच दिन काम करते हैं, कॉरपोरेट सेक्टर पांच दिन काम करता है, एलआइसी, आरबीआइ पांच दिन काम करती है, तो जो देश का सबसे जिम्मेदार और ईमानदार सेक्टर है, उसे पांच दिन काम का अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा। सरकार से मांग करते हैं कि पांच दिन काम का अधिकार दिया जाए। बृजेंद्र सिंह ने बताया कि 5 डे वर्किंग की लंबे समय से लंबित मांग को लेकर आज 27 जनवरी को राष्ट्रव्यापी हडताल का आह्वान किया है। इस हडताल की घोषणा 23 जनवरी को की गई थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सरकार हमारी जायज मांग पर प्रतिक्रिया नहीं दे रही है। काम के घंटे कम नहीं होंगे क्योंकि हम सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना 40 मिनट अतिरिक्त काम करने के लिए सहमत हैं। 11

**आज की तेज रफ्तार जिंदगी में हर समय भारी मेकअप किट साथ रखना आसान नहीं है। ऐसे में बैग में रखी एक स्मॉल मेकअप किट आपके लिए सुविधाजनक साबित होगी।**

## हर महिला के बैग में होनी चाहिए ये छोटी-सी मेकअप किट

आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हर महिला चाहती है कि वह हमेशा फ्रेश और आत्मविश्वासी दिखे। इसके लिए अक्सर आप अपने बैग में भारी मेकअप किट लेकर चलती है, जो कि काफी असुविधाजनक है। ऐसे में क्यों न आप अपने लिए एक स्मॉल मेकअप किट तैयार करें, जिसमें सारा जरूरी मेकअप हो और वह आपको हर मौके पर तैयार रहने का भरोसा दे।



### मॉइश्चराइजर और सनस्क्रीन



- इस मेकअप किट में पहली सबसे जरूरी है, आपकी त्वचा के प्रकार के अनुसार एक छोटा, अच्छा मॉइश्चराइजर व सनस्क्रीन।
- आप कहीं भी तैयार हों मगर मॉइश्चराइजर लगाने के बाद, सनस्क्रीन लगाना न भूलें, जो आपकी त्वचा को सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से बचाती है।
- इसलिए यह आपकी स्मॉल मेकअप किट का एक अहम हिस्सा है।

### प्राइमर



- इसका मुख्य काम स्किन को मेकअप के लिए तैयार करना है।
- प्राइमर रोम छिद्रों को भरकर सतह को चिकना बनाता है, दाग-धब्बे छुपाता है और मेकअप को लंबे समय तक टिकने में मदद करता है।
- यह तेल को नियंत्रित करता है और मेकअप को त्वचा में अच्छी तरह सेट होने देता है।
- छोटे पैक वाला प्राइमर अचानक किसी भी आउटिंग या ऑफिस प्रेजेंटेशन लिए आपके लुक फ्रेश बनाने में मदद करता है, जिससे आपका मेकअप परफेक्ट दिखता।
- इसलिए अपनी मेकअप किट में इसे जरूर शामिल करें।

### फाउंडेशन और कंसीलर



- आप किट में इन दोनों ही चीजों को जरूर शामिल करें, क्योंकि ये दोनों ही चीजें मेकअप के लिए परफेक्ट बेस तैयार करने में मदद करती हैं।
- स्किन टोन से मेल खाने वाला हल्का और लॉन्ग-लास्टिंग फाउंडेशन चेहरे को नेचुरल और स्मूद लुक देता है।
- वहीं, कंसीलर दाग-धब्बों, पिंपल्स और डार्क सर्कल्स को छिपाता है।
- आप किट में छोटा-सा कलर करेक्टर भी शामिल करें, जो चेहरे को फ्रेश दिखाएगा।

### थोड़ा-सा मस्कारा



- आप अपनी स्मॉल मेकअप किट में मस्कारा भी जरूर रखें, क्योंकि यह आंखों की खूबसूरती को तुरंत निखार देता है।
- सही तरीके से लगाया गया मस्कारा पलकों को लंबा और घना बनाकर आंखों को बड़ा, फ्रेश और आकर्षक दिखाता है।
- ऐसे में थकान भरे चेहरे पर थोड़ा-सा मस्का- रा भी पूरे लुक में जान डाल देता है।
- यह आंखों के मेकअप को पूरा करता है और चेहरे पर नेचुरल ग्लो लाता है।
- कम समय में चेहरे पर प्रभावी बदलाव दिखाने वाला मस्कारा छोटी किट का परफेक्ट हिस्सा है।

### ब्लश



- महिलाओं को अब ब्लश भी खूब भा रहा है, क्योंकि यह चेहरे को तुरंत फ्रेश और हेल्दी लुक देता है।
- हल्का-सा ब्लश गालों पर नेचुरल गुलाबी निखार लाकर चेहरे की रंगत को निखार देता है।
- यह गालों की हड्डियों को उभारकर चेहरे को ज्यादा आकर्षक भी बनाता है।
- अलग-अलग फॉर्मूले वाला ब्लश हर स्किन टाइप पर आसानी से सेट हो जाता है, लेकिन आप अपनी किट में वही ब्लश शामिल करें, जो आप पर फबे।

### लिपस्टिक

- लिपस्टिक स्मॉल मेकअप किट का सबसे जरूरी और असरदार प्रोडक्ट है, क्योंकि यह अकेले ही पूरे लुक को निखार देती है।
- सही शेड की एक लिपस्टिक चेहरे को तुरंत फ्रेश और आकर्षक बना सकती है।
- यह न सिर्फ होंठों की खूबसूरती बढ़ाती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा देती है।
- कई लिपस्टिक में मौजूद मॉइश्चराइजर और एसपीएफ होंठों को नमी और सुरक्षा देते हैं। किट में सबसे कम जगह घेरने वाली लिपस्टिक किसी भी समय आपको बेस्ट लुक देने के लिए तैयार रहती है।

## महंगे सीरम से बेहतर काम करती है ये देसी चीज

**आपके घर पर रखी ये एक चीज महंगे सीरम पर भारी पड़ सकती है। बिना पैसे खर्च किए सीरम जैसे फायदे, वो भी स्थाई रूप से चाहते हैं तो इस एक प्राकृतिक स्किन केयर उत्पाद का उपयोग करें।**

त्वचा की देखभाल के लिए महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स की भरमार है। महंगे उत्पाद के नाम स्किनकेयर इंडस्ट्री हमें चमकदार बोतलें, विदेशी नाम और हजारों की कीमत का उत्पाद देती है। कंपनियां बड़े बड़े दावे करती हैं कि खूबसूरत त्वचा सिर्फ सीरम से ही मिलती है। लेकिन महंगे सीरम सिर्फ मार्केटिंग के लिए हैं, लंबे समय तक आपकी त्वचा को सेहत और सुंदरता नहीं दे सकते हैं, क्योंकि इनमें कैमितल की मात्रा होती है जो धीरे धीरे स्किन को अंदर से डैमेज कर सकती है।

त्वचा की सेहत प्राकृतिक उपायों से ही स्थाई और लंबे समय तक बनी रहती है। हमारी रसोई में मौजूद एक देसी चीज दशकों से वही काम कर रही है, वो भी बिना साइड इफेक्ट और बिना जेब खाली किए। सीरम के बजाए आप घर में रखे एलोवेरा का उपयोग करें। यह कोई नया ट्रेंड नहीं है, बल्कि दादी-नानी का आजमाया घरेलू उपाय है।

### महंगे सीरम के नुकसान

- ज्यादातर सीरम केमिकल-हैवी होते हैं।
- हर स्किन टाइप पर सूट नहीं करते हैं।
- लंबे समय तक इस्तेमाल से ब्रेकआउट, जलन और पिग्मेंटेशन बढ़ा सकते हैं।
- असर से ज्यादा उम्मीदें बेची जाती हैं।
- स्किन को जितनी जरूरत है, उतना पोषण नहीं देते हैं बल्कि ज्यादा एक्सपेरिमेंट मिल रहा है।

### एलोवेरा के फायदे

- एलोवेरा सिर्फ एक पौधा नहीं, नेचुरल स्किन टॉनिक है।
- यह त्वचा को गहराई से हाइड्रेट करता है
- मुंहासे और जलन में शांत असर देता है। सनबर्न और टैनिंग को धीरे-धीरे कम करता है।
- एंटीऑक्सीडेंट्स से स्किन को यंग लुक देता है।
- ऑयली, ड्राय, सेंसिटिव हर स्किन टाइप के लिए सुरक्षित है।

### कैसे इस्तेमाल करें?

- रात में चेहरे पर पतली परत लगाकर सो जाएं
- डे मॉइस्चराइजर की तरह दिन में गुलाब जल में मिलाकर लगाएं।
- फेस पैक के तौर पर इस्तेमाल कर सकते हैं। हल्दी या शहद के साथ एलोवेरा मिलाकर फेस पैक लगाएं।
- अगर मुंहासे हैं तो सीधे ताजा जेल चेहरे पर लगाएं।
- ध्यान रखें एलोवेरा हफ्ते में 4- 5 बार लगाना काफी है। ज्यादा लगाना भी नुकसान कर सकता है।

### सीरम बनाम एलोवेरा ज्यादा बेहतर क्या

- सीरम की कीमत बहुत ज्यादा होती है और एलोवेरा लगभग मुफ्त होता है।
- सीरम के साइड इफेक्ट संभन हैं, लेकिन एलोवेरा का साइड इफेक्ट बेहद कम होता है।
- सीरम का लॉन्ग टर्म असर अनिश्चित हैं, जबकि एलोवेरा का असर स्थिर होगा।
- आपको तय करना है कि ब्रांड पर भरोसा करना है या प्रकृति पर।



# Sport

**भारतीय टीम के बल्लेबाज शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। लेकिन संजू सैमसन की फॉर्म ने टीम प्रबंधन की चिंता बढ़ाई हुई है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब बुधवार को चौथा टी20 मैच खेला जाएगा। इसमें देखना दिलचस्प होगा कि भारत इस मैच के लिए सैमसन पर भरोसा कायम रख पाता है या नहीं।**

## सैमसन को मिलेगा मौका या श्रेयस होंगे प्लेइंग-11 का हिस्सा? बदलाव संभव

**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम भले ही न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त ले चुकी है, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले उसके पास तैयारियां परखने के लिए दो ही मैच शेष हैं। भारत के लिए सबसे ज्यादा चिंता की बात संजू सैमसन की खराब फॉर्म है जो शुरूआती तीन मैचों में बड़ी पारी नहीं खेल सके हैं और जल्दी अपना विकेट गंवा रहे हैं। सैमसन को अगर विश्व कप के लिए एकादश में अपना दावा पुख्ता करना है तो उन्हें हर हाल में रन बनाने होंगे।



### बेहतरीन फॉर्म में है भारत

इस सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। तीसरे मैच में तो भारत ने केवल 10 ओवर में ही जीत हासिल कर ली थी। अभिषेक ने 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि सूर्यकुमार और किशन ने लगभग 230 के स्ट्राइक रेट को बनाए रखा है। भारत की बल्लेबाजी की आक्रामकता की बानगी पिछले दो मैच आंकड़े पेश करते हैं। भारत ने दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में क्रमशः 209 और 154 रन (कुल 363 रन) का पीछा करते हुए केवल 25.2 ओवर ही खेले। अगर विशाखापत्तनम की पिच की प्रकृति और ओस के प्रभाव पर ध्यान दें तो इस मैच की कहानी भी अलग नहीं होगी।

### स्पिनरों का प्रदर्शन चिंता का विषय

भारत के लिए स्पिनरों का प्रदर्शन भी चिंता का विषय बना हुआ है। कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती अबतक उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। कुलदीप ने दो मैचों में केवल दो विकेट लिए हैं और वह प्रभावित करने में असफल रहे हैं। उन्होंने प्रति ओवर 9.5 रन लुटाए। पिछले मैच में भी कुलदीप ने तीन महंगे ओवर किए जिनमें उन्होंने 32 रन दिए। जसप्रीत बुमराह, रवि बिश्नोई और हार्दिक पांड्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने कीवी टीम को नौ विकेट पर 153 रन पर रोक दिया था। कुलदीप इससे पहले वनडे सीरीज में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, जिसमें उन्होंने तीन मैचों में तीन विकेट लिए थे और प्रति ओवर 7.28 रन दिए थे।

वरुण को पिछले मैच में विश्राम दिया गया था, लेकिन पहले दो मैच में उनकी गेंदबाजी में वह धार नहीं दिखी जिसके लिए वह जाने जाते हैं। इस संदर्भ में भारत इस बात पर विचार करेगा कि क्या चौथे मैच में बिश्नोई को ही टीम में बनाए रखा जाए और कुलदीप को विश्राम देने के लिए उनकी जगह वरुण को वापस लाया जाए। भारत ऑलराउंडर अक्षर पटेल की फिटनेस पर भी कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि अंगुली में चोट के कारण वह नागपुर में पहले मैच के बाद से नहीं खेल पाए हैं।

**इस मैच के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11: भारत:** संजू सैमसन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह/हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती/रवि बिश्नोई।

**न्यूजीलैंड:** डेवोन कॉनवे, टिम सेफर्ट (विकेटकीपर), रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स, मार्क चापमैन, डेरिल मिचेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), जकारी फोल्क्स, मैट हेनरी, ईश सोढ़ी, जैकब डफी।

## अपने ही जाल में फंसेगा पाकिस्तान! ...तो बांग्लादेश की हो सकती है एंट्री?

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 से पहले विवादों का दौर जारी है। बांग्लादेश का मुद्दा सुलझ चुका है, अब बारी पाकिस्तान की है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की हरकतों से खफा है और उम्मीद है कि जल्दी ही कोई बड़ा कदम उठा सकता है। इस बीच सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स दावा कर रहे हैं कि अगर पाकिस्तान आगामी विश्व कप का बहिष्कार करता है तो बांग्लादेश को एक बार फिर विश्व कप में खेलने का मौका मिल सकता है।

### नीचता की सारी हदें पार कर रहा पाकिस्तान

पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने सोमवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात के बाद



कहा कि आगामी विश्व कप में खेलने पर शुक्रवार या सोमवार (2 फरवरी) तक फैसला लिया जा सकता है। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, शहबाज शरीफ ने इस मुलाकात के दौरान नकवी को बांग्लादेश की हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट्स के अनुसार, अगर पाकिस्तान टी20 विश्व कप में खेलने के लिए राजी भी हो जाता है तो वह 15 फरवरी को भारत के खिलाफ मुकाबले का बहिष्कार कर सकता है। हालांकि, इन सभी मुद्दों पर अगले सोमवार तक पीसीबी फैसला लेगा।

### यूजर्स का दावा- बांग्लादेश के लिए अब भी खुले हैं दरवाजे

इस बीच सोशल मीडिया पर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ यूजर्स दावा कर रहे हैं कि बांग्लादेश की जगह भले ही स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में शामिल कर दिया गया है, लेकिन अब भी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। अगर पाकिस्तान टी20 विश्व कप के बहिष्कार का फैसला लेता है और टूनार्मेंट नहीं खेलता है तो उसकी जगह ग्रुप ए में आईसीसी बांग्लादेश को शामिल कर सकता है।

**आवश्यकता है**
अनुभवी कर्मचारियों की जिसमें अनुभव हो वही संपर्क करें सैलरी 10000 से 15000 प्रति माह
पाल किराना उन्हेल रोड भेरूगढ़
मो. 9907525081

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की पैकिंग हेतु महिलाओं की हेल्पर हेतु लड़कों की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### कक्षा 10वीं की छात्रा को परेशान कर रहे पुलिसकर्मी पर केस दर्ज

**इंदौर।** इंदौर के छत्रीपुरा थाना क्षेत्र में तैनात एक आरक्षक पर 10वीं कक्षा की छात्रा से छेड़छाड़ और पीछा करने का आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मंगवार देर रात आरक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। छत्रीपुरा पुलिस के अनुसार, छत्रीबाग इलाके में रहने वाली छात्रा ने बताया कि मंगलवार को वह कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान जयरामपुर कॉलोनी के पास आरोपी आरक्षक दीपक ने उसका रास्ता रोका, हाथ पकड़ लिया और घर छोड़ने की बात कही। छात्रा ने किसी तरह अपना हाथ छुड़ाया और कोचिंग चली गई। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी आरोपी कई बार रास्ते में रोककर नाम-पता पूछ चुका था और लगातार उसका पीछा कर रहा था। आरोपी पुलिस की वर्दी में रहता था, जिस कारण डर के चलते छात्रा ने पहले किसी को यह बात नहीं बताई। बाद में उसने पूरी घटना की जानकारी अपनी मां को दी। घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठनों के लोग मंगलवार रात छत्रीपुरा थाने पहुंचे और अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। एडिशनल डीसीपी हेमंत चौहान को पूरे मामले से अवगत कराया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी आरक्षक से पूछताछ कर छेड़छाड़ की धाराओं में एफआईआर दर्ज की। पुलिस के मुताबिक आरोपी आरक्षक दीपक डायल-100 में तैनात था। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है और बुधवार को उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है।

### काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे मिठाई शॉप के स्टोर मैनेजर की मौत

**इंदौर।** इंदौर के खजराना इलाके में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में मिठाई शॉप के स्टोर मैनेजर की मौत हो गई। वह काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से हादसे की जांच की जा रही है। खजराना पुलिस के अनुसार हादसा रोबोट चौराहे के पास रात करीब 12 बजे हुआ। मृतक की पहचान राजकुमार (40) पिता गजेन्द्र सिंह निवासी देवकी नगर के रूप में हुई है। टक्कर के बाद राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल राजकुमार को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। देर रात तक जब राजकुमार घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनके मोबाइल पर कॉल किया, तब उन्हें हादसे की जानकारी मिली। इसके बाद परिजन तुरंत एमवाय अस्पताल पहुंचे, जहां इलाज के दौरान राजकुमार ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि राजकुमार शहर की एक मिठाई दुकान में स्टोर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे और काम के सिलसिले में पूरे शहर में आना-जाना रहता था। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं।

### 11 दिन की यात्रा पर भारत गौरव पर्यटक ट्रेन 10 अप्रैल को रवाना होगी

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के तीर्थयात्रियों के लिए खुशखबरी है। आईआरसीटीसी ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का नया टूर पैकेज घोषित किया है। यह विशेष ट्रेन 10 अप्रैल को इंदौर से रवाना होगी, जिसमें यात्रियों को पुरी, गंगासागर, बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग, गया और अयोध्या के दर्शन कराए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह ट्रेन इंदौर के साथ-साथ उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और अनूपपुर स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इन स्टेशनों से यात्री ट्रेन में सवार हो सकेंगे। 10 रात और 11 दिन की इस यात्रा में यात्रियों के खाने, ठहरने और स्थानीय भ्रमण की पूरी व्यवस्था शामिल रहेगी। टूर पैकेज में एलएचबी रैक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड व ऑफ-बोर्ड भोजन, एसी/नॉन-एसी बसों से स्थानीय दर्शन, होटल में ठहराव, टूर एस्कॉर्ट, यात्रा बीमा, सुरक्षा और हाउसकीपिंग जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

### 2999 रुपए में 31 जनवरी और 1 फरवरी को कोरबन हिल्स में भरेंगे आसमान में उड़ान

**इंदौर।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की पहल से प्रदेश में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक नया कदम उठाया जा रहा है। एडवेंचर स्पोर्ट्स प्रेमियों के लिए इंदौर में पहली बार टैंडम पैराग्लाइडिंग फेस्टिवल का आयोजन 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 को किया जाएगा। यह फेस्टिवल इंदौर के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर कोरबन हिल्स में आयोजित होगा। इस आयोजन का संयुक्त रूप से संचालन मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और मध्यप्रदेश फ्लाइंग क्लब द्वारा किया जा रहा है। सचिव पर्यटन एवं प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड डॉ. इलैया राजा टी. ने बताया कि मध्यप्रदेश प्राकृतिक सौंदर्य और भौगोलिक विविधताओं से समृद्ध राज्य है। ऐसे आयोजन प्रदेश को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एडवेंचर टूरिज्म के नक्शे पर मजबूत पहचान दिलाने में सहायक होंगे। संयुक्त संचालक (एडवेंचर टूरिज्म) डॉ. एसके श्रीवास्तव ने बताया कि फेस्टिवल के दौरान शुरूआती और अनुभवी प्रतिभागियों के लिए विशेष पैराग्लाइडिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। चीफ इंस्ट्रक्टर कैप्टन मंधार महाजन के अनुसार सभी उड़ानें प्रमाणित प्रशिक्षकों की निगरानी में कराई जाएंगी और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का पूरा पालन किया जाएगा। मध्यप्रदेश फ्लाइंग क्लब के निदेशक नीरज मजुमदार ने बताया कि पैराग्लाइडिंग के लिए स्लॉट सीमित रखे गए हैं। इच्छुक प्रतिभागी मात्र 2,999 रुपए में टैंडम पैराग्लाइडिंग का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं।

### द्वारकापुरी थाना आईसीयू में हैं श्रीमान क्या आप बड़ी घटनाओं का इंतजार कर रहे

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाने के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। श्रीमान, गंजेडी, नशेडी खुलेआम लूट कर रहे हैं और चाकू चला रहे हैं। आप क्या इससे बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं। यहां पुलिस के दो बड़े अफसर आने में घबराते हैं। जिन्हें थाने का कार्यभार सौंपा गया उनकी बदतमीजियां पढ़े-लिखे लोगों से आम है तो बिना पढ़े लिखे लोगों पर क्या बीतती होगी। बीती रात भी इस इलाके में जमकर श्रीराम नगर में बवाल मचा। तीन दिन पहले रविवार की रात यहां पर सूरज नाम के लड़के पर जानलेवा हमला हुआ है। यहां की पुलिस क्या कर रही। किसी को समझ नही आ रहा। इसके एक दिन पहले भी थाने में मारपीट का वीडियो वायरल हो गया। सिफ दो पुलिसकर्मी उन दो परिवारो को समझाते नजर आ रहे हैं। सपना भले ही अवैध नशे में जेल चली गई लेकिन उसकी बिल्डिंग पर लड़कों ने अवैध ड्रग बेचना बंद नहीं की, यह बिकवा कौन रहा है। पहले पुलिसकर्मियों की चेंटिग बाहर आई थी, जिन्हें अफसरों ने दबा दिया, लेकिन इस तरह तो इलाके में जीना दुभर हुआ पड़ा है। यह दृश्य डराता है कि अगर गुंडे बदमाशों से भिड़े तो या तो जान से हाथ धोना पड़ेगा या इलाका छोड़ना पडेगा। ऐसी पुलिसिंग से मत कीजिए की चौराहे पर हेलमेंट पहनाए और इलाके में सुरक्षा गार्ड लेकर घूमना पड़े। गुडों में डर बैठाईए इस भय से मुक्त कराईए साहब। टीआई सुशील पटेल के जाने के बाद से ही लग रहा है, थाना आईसीयू में चले गया है।



आवश्यकता है
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

# इंदौर में दूषित पानी से 30वीं मौत

## अब भी 3 मरीज आईसीयू और एक वेंटिलेटर पर, हाईकोर्ट ने बनाया जांच आयोग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर में दूषित पानी से बुधवार को 30वीं मौत हो गई। भागीरथपुरा में रहने वाले 62 वर्षीय लक्ष्मी रजक को दो दिन पहले उल्टी-दस्त की शिकायत हुई थी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था परिजनों ने बताया कि भर्ती के दौरान उनकी किडनी भी खराब होने की जानकारी मिली।

इससे पहले भागीरथपुरा के खूबचंद की दूषित पानी से मंगलवार को मौत हो गई थी। बुधवार को उनके परिजनों ने अंत्येष्टि से पहले सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया। हालांकि, अब भर्ती मरीजों की संख्या सिर्फ 6 रह गई हैं। इनमें से 3 आईसीयू में और एक वेंटिलेटर पर है।

दूसरी ओर इसी मामले को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में मंगलवार (27 जनवरी) को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में ढाई घंटे से ज्यादा सुनवाई चली। शुरूआत में मुख्य सचिव अनुराग जैन 10 मिनट तक वर्चुअल उपस्थित रहे। इस दौरान 23 मौतों की रिपोर्ट पेश की गई, जिसमें से 16 मौतें दूषित पानी से मानी हैं, जबकि चार को लेकर असमंजस की स्थिति बताई है। वहीं तीन की मौत दूषित पानी से नहीं मानी है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए स्वतंत्र जांच के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि स्वच्छ पेयजल का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। यह मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से जुड़ा है।

कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम की पेश रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर सुरक्षित पानी की सप्लाई, इलाज और जांच संबंधी निर्देशों का पूरा पालन नहीं हुआ है।

मौतों के आंकड़ों को लेकर भी गंभीर असहमति सामने आई। जहां सरकारी रिपोर्ट में 16 मौतों को जलजनित बीमारी से जोड़ा गया है, वहीं याचिकाकर्ताओं ने मृतकों की संख्या लगभग 30 बताई है।

### आयोग को व्यापक अधिकार

आयोग को सिविल कोर्ट के समान अधिकार दिए गए हैं। वह अधिकारियों व गवाहों को तलब कर सकेगा, दस्तावेज मंगा सकेगा, जल गुणवत्ता परीक्षण करा सकेगा और स्थल निरीक्षण कर सकेगा। राज्य सरकार आयोग को आवश्यक स्टाफ, कार्यालय और संसाधन उपलब्ध कराएगी। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि भागीरथपुरा के 30 प्रतिशत हिस्से में वाटर सप्लाई शुरू कर दी गई है। यह हिस्सा साढ़े 9 किमी का है। हालांकि, जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी की पीठ ने रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट में यूज किए गए वर्बल अटॉप्सी शब्द पर भी आपत्ति जताई है। कोर्ट ने पूछा है कि यह शब्द मेडिकल का है या आपके द्वारा ईजाद किया है।

# सिक्योरिटी गार्ड महिला की हत्या में पकड़ाए दो आरोपी

## रुपए के लेनदेन में सगे भाईयों ने की थी हत्या घटना के बाद मौके से फरार हो गए थे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



इंदौर के नंदबाग इलाके में रहने वाली सिक्योरिटी गार्ड महिला की 5 दिन पहले उसके घर में लाश मिली थी। इस मामले में पुलिस एक्टिवा सवार दो लोगों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने करीब 300 से ज्यादा कैमरों को खंगालते हुए आरोपियों की जानकारी निकाली। आरोपियों ने रुपए के लेनदेन के चलते सिक्योरिटी गार्ड महिला की हत्या की थी।

- **दो सगे भाईयों को पुलिस ने पकड़ा-** डीसीपी राजेश व्यास की टीम ने बाणगंगा में हुए गायत्री कुर्मी के हत्याकांड का खुलासा किया है। मामले में दो भाईयों अमित मोर्य और सुमित मोर्य को पकड़ा है, वहीं उनका एक अन्य साथी फरार है आरोपियों ने रुपए के लेनदेन के चलते गायत्री की गला घोटकर हत्या की थी। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए थे। आरोपी को ढूंढने के लिए अलग-अलग टीमे बनाई गई थी। जिसमें मोबाइल डिटेल के साथ कैमरों को खंगाला गया था। आरोपी दो कैमरों में शुरूआत में गायत्री के घर के आसपास दिखे थे। इसके बाद से पुलिस उनकी आगे तलाश कर रही थी।
- **ब्याज पर रूपए चलाने की थी आशंका-** गायत्री को लेकर अमित ओर सुमित को शंका थी कि वह ब्याज पर पैसा चलाती है। उसके पास काफी रूपए होगे। इसके बाद आरोपी अलसुबह उसके घर पहुंचे। यहां गायत्री ने उनका विरोध किया तो दोनों भाईयों ने अपने अन्य साथी अमित गडकर निवासी वीणा नगर के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। आरोपी चोरी करने के इरादे से गायत्री के घर पहुंचे थे। अमित ओर सुमित ऑटो रिक्शा चलाने का काम करते हैं।

## डीएवीवी आईईटी में जूनियर्स से रैगिंग की शिकायत

### छात्र का आरोप- सिगरेट पीने का दबाव बनाया इनकार करने पर बैच आउट की धमकी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग (आईईटी) में रैगिंग का एक और मामला सामने आया है। डी-होस्टल में रहने वाले बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों की शिकायत के बाद द्वितीय वर्ष के छात्रों के खिलाफ जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जूनियर्स का आरोप है कि सीनियर छात्र उन्हें जबरन सिगरेट पीने के लिए मजबूर करते हैं। मना करने पर उन्हें बैच आउट कर देने की धमकी दी जाती है। बैच आउट किए गए छात्रों को शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से अलग रखा जाता है। उनसे सिर झुकाकर बात करने और हाथ जोड़कर रहने को कहा जाता है। शिकायत में यह भी सामने आया है कि इस तरह की हरकतों में कुछ प्रथम वर्ष के छात्र भी शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए संस्थान ने मंगलवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई। जांच के दौरान कुछ सीनियर छात्रों के नाम भी उजागर हुए हैं।

जय माता दी
नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
आयुष क्लिनिक
AYUSH CLINIC ( REG.)
CHOPATI INGORIYA
बवासीर ( खूनी/बादी ) भगन्दर रोग निदान तथा प्रति चिकित्सा समय 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पाइल्स ( बवासीर ), फिशर, फिश्चुला ( भगन्दर ) पाइलोनीडल साइनस गुदा का बाहर निकलना, गुदा का चर्मरोग आदि गुदा रोगों के निदान तथा चिकित्सा हेतु का आयोजन किया गया है।
गुदगत रोग के प्रमुख लक्षण — शौच के बाद दर्द होना, खुजली,खून गिरना, मस्सा फूल जाना, गुदा के आस पास फुंसी होना तथा उसमे से पानी ( PUS DISCHARGE ) होना आदि।
प्रमुख कारण — कब्ज होना, अनुवांशिक, इन्फेक्शन होना, सा प्रसुति के बाद अथवा बार बार दस्त लगना आदि।
डॉ.दिनेश कुमार जोशी
बी. एस. सी. बी. ए .एम.एस.
*क्षार सूत्र में ट्रेंड* ( पारूल यूनिवर्सिटी )
* क्षार सूत्र में ट्रेंड * ( डॉ. के. वी. एस. राव ) गुरु ( अखिल भारतीय विघापीठ न्यू दिल्ली )
पता => शा. हॉस्पिटल के सामने इंगोरिया चौपाटी ( इंगोरिया )
Contract number
9752438839
9752738839

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण



यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट

यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026

- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन

इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़



कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com